हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 26 नवंबर 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]


तापमान
अधिकतम 31.8 डिग्री
न्यूनतम 15.2 डिग्री


12 आत्मनिर्भरता का लिया संकल्प, स्वदेशी सामानों के उपयोग का दिया गया संदेश





14 भिलाई इस्पात संयंत्र में सुरक्षित संचालन को बढ़ावा









## खबर संक्षेप

### हथखोज में युवक की क्षत-विक्षत मिली लाश

**भिलाई।** हथखोज इलाके में मंगलवार सुबह सड़क किनारे एक युवक की क्षत-विक्षत लाश मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शव की स्थिति देखते हुए उसकी पहचान करना मुश्किल हो गया है। मामला भिलाई तीन थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार सड़क पड़ एक युवक का लाश पड़ा हुआ था। लोगों के अनुसार लाश को देखकर ऐसा लग रहा था जैसे किसी ट्रक ने कुचल दिया है। प्राथमिक जांच में इसे सड़क हादसा माना जा रहा है, लेकिन शव की हालत देखकर कई लोग शक भी जता रहे हैं।

### ग्राम पंचायतों में सीसीटीवी चुराने वाले 9 आरोपी पकड़े

**भिलाई।** ग्राम पंचायतों में लगे सीसीटीवी कैमरे को चुराने वाले 9 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ 303(2), 324(4),112 बीएनएस, लोक संपत्ति नुकसानी निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3 के तहत कार्रवाई की गई। मामला उतई थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार 24 नवंबर को ग्राम पंचायत कोड़िया के सरपंच कुमार निषाद पिता दिनेश निषाद ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 23 नवंबर की रात्रि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ग्राम पंचायत में लगे सीसीटीवी कैमरा को चोरी कर ले गया है। साथ ही पंचायत भवन के सामने लगे 14 खंभों को भी चोरी का प्रयास करते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ की। विवेचना के दौरान संदेह के आधार पर कुछ व्यक्तियों से पूछताछ की गई। पूछताछ में बताया कि वे लोग अपने साथियों के साथ पंचायत भवन के पास में बैठते थे। लाइट बंद होने के बाद चोरी करने की योजना बनाकर पंचायत भवन में लगे सीसीटीवी कैमरा चोरी कर लिए। साथ ही पोल खंभों को भी चोरी का प्रयास किया गया। चोरी किए गए सीसीटीवी कैमरा को पंचायत भवन के पास तालाब पानी में फेंक देना बताया।

आरोपियों की निशानदेही पर सीसीटीवी कैमरा को तालाब से निकाला गया। पीयूष साहू, नीरज उर्फ पप्पू साहू, लोमेंद्र यादव, खिलेंद्र निषाद, तुषार यादव, लोकेश साहू, राजेंद्र निषाद, नरेंद्र यादव और बहुत साहू पिता रामकृष्ण साहू उम्र 24 वर्ष सभी निवासी ग्राम कोड़ियां थाना उतई को गिरफ्तार करते हुए रिमांड पर भेजा गया है।

# भुईयां पोर्टल में गलत एंट्री कर लिया लाखों का लोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भुइयां पोर्टल में छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इस मामले में अब तक कुल 10 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मास्टर मांइड संजय वर्मा अभी भी फरार है जिसकी तलाश में पुलिस की टीम जुटी हुई है।

पुलिस कंट्रोल रूम में पत्रकारवार्ता के दौरान एडिशनल एसपी दुर्ग ग्रामीण अभिषेक झा ने बताया कि भुइयां पोर्टल में छेड़छाड़ करने के मामले में तीन थाने नंदनी नगर, कुम्हारी और अमलेश्वर में अपराध दर्ज की गई थी। विवेचना के दौरान पूर्व में तीन आरोपियों को पकड़कर जेल भेजा गया था। मामले की विवेचना के दौरान नंबरों को खंलाया गया तो 6 आरोपी गिरफ्त में आए, जिसमें एक नाबालिग भी शामिल हैं। मुख्य मास्टर माइंड संजय वर्मा ने मुदमुंदा पटवारी के नाबालिग सहयोगी कम्प्युटर ऑपरेटर को एक लाख रुपए का लाचल देकर भुइयां पोर्टल के यूजर आईड और पासवर्ड प्राप्त किया। इसके बाद संजय वर्मा ने कोमल साहू से यूजर आईडी और पासवर्ड को शेयर किया। कोमल साहू ने अशोक को यूजर आईडी और पासवर्ड शेयर किया। इस प्रकार पासवर्ड कई लोगों तक पहुंचा। एडिशनल एसपी दुर्ग ग्रामीण अभिषेक झा ने बताया कि कई पटवारी सहयोगी के रूप में अपने साथ दूसरे लोगों को साथ लेकर चलते हैं। जो कि गैरकानूनी है। उन्होंने बताया कि मुरमुंदा के पटवारी पर भी लीगर एक्शन के लिए विभाग से पत्राचार की गई है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ धारा 111 (2) एवं 61 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज करते हुए रिमांड पर भेजा गया। आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थाना नंदनी नगर कुम्हारी अमलेश्वर से आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### खास बातें

- पटवारी के सहयोगी ने मुख्य आरोपी को उपलब्ध कराया था यूजर आईडी और पासवर्ड
- थाना नंदनी नगर, कुम्हारी, अमलेश्वर एवं एसीसीयू की टीम ने की संयुक्त कर्रवाई

### एक नाबालिग सहित 6 गिरफ्तार



### अब तक कुल 10 आरोपी गिरफ्तार

#### इन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गिरफ्तर आरोपियों में अशोक उरांप उम्र 44 साल निवासी जांजगीर चांपा, कौशल फेकर उम्र 50 साल निवासी रायपुर, शिवचरण कौशल उम्र 55 साल रायगढ़, ओम प्रकाश निषाद उम्र 40 साल रायपुर, कोमल साहू उम्र 44 साल रायपुर, देवानंद साहू उम्र 32 साल रायपुर और एक नाबालिग बालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा है। बहरहाल इस मामले पुलिस की जांच लगातार जारी है। जल्द ही और भी बड़े खुलासे की संभावना बनी हुई है।

#### यह है पूरा मामला

अहिवारा तहसीलदार राधेश्याम वर्मा ने वगत 13 अगस्त रिपोर्ट दर्ज कराया था कि पटवारी हल्का नंबर 16 के ग्राम अछोटी एवं मुरमुदा तहसील अहियारा जिला दुर्ग के भुईया सॉप्टवेयर के साथ अज्ञात आरोपियों ने छेड़छाड़ कर फर्जी तरीके से भारतीय स्टेट बैंक शाखा नंदिनी नगर से 30 लाख रुपए का लोन लिया है। जांच के दौरान बैंक से रकम निकालने वाले आरोपी दिनुराम यादव पिता सूरज राम यादव निवासी 818, पप्पु किराना स्टोर के पास अमरपुरी सुंदर नगर वार्ड रायपुर सिलतरा व एसराम बंजारे पिता बुधराम बंजारे निवासी अछोटी एवं अन्य के द्वारा षड़यंत्र पूर्वक ऑनलाइन राजस्व अभिलेख में छेड़छाड़ करते हुए मूल खसरा नंबर के रकबा में कूटरचित तरीके से नये खसरा नंबर का बटांकन कर नया खसरा डाला गया है। तहसीलदार की शिकायत पर पुलिस ने धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 3(5) बीएनएस 60 सी आईटी एक्ट का अपराध दर्ज करते हुए जांच में लिया था। विवेचना दौरान पुलिस ने पाया कि मुख्य आरोपी दीनुराम यादव द्वारा बैंक के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी तरीके से लोन 36 लाख रुपए का लोन निकाल कर उक्त रकम को विभिन्न खाते में ट्रांसफर किया गया। नंदकिशोर साहू पिता स्व. महावीर साहू निवासी मकान 4 बी, सड़क-33, सेक्टर- 5 भिलाई के खाते में 2026547 रुपए ट्रांसफर किया गया।

#### शासकीय रकबा, खसरा में छेड़छाड़ करने के मामले जिले के तीन थानों में दर्ज

आरोपियों द्वारा दुर्ग जिले के ग्राम मुरमुन्दा, अछोटी, बोरसी, चेटूया में लगे जमीन का बटांकन कर छेड़छाड़ किया गया। अज्ञात व्यक्तियों द्वारा शासकीय जमीनों का खसरा, रकबा बढ़ा कर विभिन्न बैंको से लोन लेकर आर्थिक लाभ प्राप्त करने ऑन लाईन भुईया पोर्टल में छेड़छाड़ करने की शिकायत पर थाना नंदनी नगर, थाना कुम्हारी और थाना अमलेश्वर में धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस 66 आईटी एक्ट पंजीबद्ध की गई। साक्ष्य के आधार पर प्रकरण में पूर्व में आरोपी एन के साहू, अमित कुमार मौर्य, गणेश प्रसाद तम्बोली को गिरफ्तार किया गया था। उक्त आरोपियों से पूछताछ करने पर पता चला कि अशोक उराव द्वारा पटवारी का यूर्जर आईडी एवं पासवार्ड एवं ओटीपी नंबर शेयर किया जाता था। अशोक उराव निवासी बाराद्वारा शक्ति को गिरफ्तर कर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि मुरमुन्दा पटवारी के साथ सहायक का काम करने वाले नाबालिग बालक को आरोपी संजय वर्मा द्वारा प्रलोभन देकर मुरमुन्दा पटवारी का यूजर आई डी एवं पासवर्ड मांग कर शासकीय जमीनों में छेड़छाड़ करते हुए फर्जी दस्तावेज के आधार पर बैंक से लोन लेते थे। रायपुर के रहने वाले कोमल साहू के माध्यम से कौशल फेकर, ओम प्रकाश निषाद, देवानंद साहू, शिवचरण कौशल को भूईया सॉफ्टवेयर में काम कारने हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर की तलाश कर उसे पाटवारी का मूर्जर आईडी एवं पासवार्ड शेयर कर छेड़खानी कराते थे। आरोपी शिवचरण कौशल के विरूद्ध इसी तरह के अन्य प्रकरण में चौकी कोरबी, थाना पसान, जिला कोरबा में अपराध पंजीबद्ध है।

## प्रदेश में सबसे ज्यादा दुर्ग का तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस, आज से फिर चलेगी शीतलहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मौसम में व्यापक उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। पिछले सप्ताहभर से न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी होने से अधिकतम तापमान भी बढ़ गया है। मंगलवार को दुर्ग जिले का तापमान प्रदेशभर में सबसे ज्यादा 31.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। न्यूनतम तापमान भी 15.2 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। वहीं मौसम विभाग ने फिर से शीतलहर की चेतावनी दी है। आगामी 3 दिनों में 2-3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होने की संभावना है। 26 से 28 नवंबर तक उत्तरी छत्तीसगढ़ में शीत लहर चलेगी।

26 से 28 नवंबर तक उत्तरी छत्तीसगढ़ में शीत लहर चलने की संभावना



#### सिनोप्टिक सिस्टम के कारण बदल रहा है मौसम

मौसम विभाग के मुताबिक मलक्का जलडमरू मध्य के ऊपर दबाव पिछले 3 घंटों में 5 किमी प्रति घंटे की गति से लगभग पश्चिम की ओर बढ़ा और अक्षांश 5.3 उत्तर और देशांतर 995 पूर्व के पास केंद्रित था। जॉर्ज टाउन (मलेशिया) से लगभग 90 किमी पश्चिम में, कुटा मकमुर (इंडोनेशिया) से 270 कि. मी. पूर्व में नानकोवरी (निकोबार द्वीप समूह) से 720 किमी पूर्व-दक्षिण पूर्व और कार - निकोबार (निकोबार द्वीप समूह) से 850 किमी पूर्व-दक्षिण पूर्व में यह और तेज हो जाएगी। इसके पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है।

## साइबर फ्रॉड का भंडाफोड़, 22 खातों में 11 लाख का ट्रांजेक्शन

**दुर्ग।** मोहन नगर पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी से जुड़े एक बड़े बैंक फर्जीवाड़े का खुलासा किया है। पुलिस ने 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने फर्जी बैंक खातों के जरिए करीब 11 लाख रुपये साइबर ठगी से हासिल रकम को आगे बढ़ाने में इस्तेमाल किए थे। कर्नाटक बैंक की मोहन नगर शाखा में 22 बैंक खातों में संदिग्ध लेनदेन मिला। 3 नवंबर को अपराध दर्ज किया। आरोपियों में कलविंदर सिंह बाबादीप सिंह नगर, जीवन चौहान हाउसिंग बोर्ड कोहका, निधि बघेल सारथी मोहल्ला दुर्ग, लालकृष्ण साहू आजाद चौक रामनगर, राहुल यादव राजीव नगर सुपेला, पंकज चौबे सेक्टर-1, अंकुर सोनी जोन-1 खुर्सीपार, पायल सोनी खुर्सीपार, राज सिंह खुर्सीपार, राहुल कुमार जयसेल बापू नगर, उज्जवल सिंह खुर्सीपार, पंकज टंडन कुंदरा पारा, हेमंत दलाई शांति पारा, रामअवतार यदु कंडरापारा, मुकुन्द सेन स्टेशन मरोदा, राम दुबे कण्डरापारा शामिल हैं।


हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसीवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज़ शांति नगर, 84. वीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाज़ारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेवरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण**- 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साईं आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्यांश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता- रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. वैभव यादव पिता/पति- विरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण**- 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि


### बीएसपी ने की सड़क से अवैध दुकानें हटा लेने की अपील

# बीएसपी मेन गेट से जेपी सीमेंट चौक तक अनाधिकृत व्यावसायिक गतिविधियों पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा बीएसपी के मेन गेट से जेपी सीमेंट चौक तक अनाधिकृत व्यावसायिक गतिविधियों को प्रतिबंधित कर दिया गया है। अपील की गई है कि इस रोड से संबंधित व्यक्ति तत्काल अपनी दुकानें, ठेले और सामग्रियां हटा लें। ऐसा नहीं किए जाने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।



भिलाई इस्पात संयंत्र में उत्पादन क्षमता में वृद्धि के साथ ट्रकों और भारी वाहनों की आवाजाही में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। ट्रकों और भारी वाहनों के प्रवेश के लिए निर्धारित बोरिया गेट से वर्तमान में प्रतिदिन 1 हजार से 1500 ट्रक संयंत्र परिसर में प्रवेश एवं निकास करते हैं। अत्यधिक संख्या में भारी वाहनों की निरंतर आवाजाही के कारण यह क्षेत्र संवेदनशील तथा दुर्घटनाजन्य बन गया है। इसी मार्ग से संयंत्र के हजारों कार्मिकों का मेन गेट तक आवागमन प्रतिदिन होता है।

इसके बाद भी बोरिया गेट एवं आसपास के क्षेत्र में चलित ठेले, चाइना मार्केट के आसपास सड़क पर लगने वाली अनाधिकृत दुकानें, सड़क एवं चौराहों पर अवैध रूप से संचालित अस्थायी दुकानों जैसी व्यावसायिक गतिविधियों का फैलाव लगातार बढ़ रहा है।

#### सुरक्षा की बढ़ी समस्या

ट्रैफिक बढ़ने से क्षेत्र में अव्यवस्था, भीड़, ट्रैफिक एवं सुरक्षा संबंधी गंभीर बाधाएं उत्पन्न होने के साथ ही विशेषकर पारंपरिक त्योहारों और उत्सवों के समय ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। मेन गेट से जेपी सीमेंट चौक तक का पूरा क्षेत्र संरक्षित क्षेत्र घोषित है, इसलिए बीएसपी प्रबंधन ने इस मार्ग पर संचालित सभी प्रकार की अनाधिकृत व्यावसायिक गतिविधियों को पूरी तरह प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया है।

## खबर संक्षेप



### करेला स्वास्थ्य शिविर में 76 ग्रामीण लाभान्वित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा करेला में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बीएसपी की ओर से डॉ. प्रेरणा बघेल, फार्मासिस्ट मनीष कुमार देशमुख, नर्सिंग स्टाफ तृप्ति कुमारी, बुधेलाल, तथा पंजीयन हेतु राकेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिला चिकित्सालय की ओर से सीएचओ रेशमा गुप्ता एवं नर्सिंग स्टाफ ने भी सहयोग प्रदान किया। शिविर में 76 ग्रामीण लाभान्वित हुए, जिनमें 26 पुरुष, 42 महिलाएँ, तथा 8 बच्चे शामिल थे। सभी लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श व निःशुल्क दवा प्रदान की गईं।

### तालाब सौंदर्यीकरण और मुक्तिधाम के लिए राशि मंजूर

**दुर्ग।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास अभिकरण सूडा द्वारा दुर्ग जिले के पाटन नगर पंचायत में चार तालाबों के सौंदर्यीकरण तथा मुक्तिधाम निर्माण के लिए तीन करोड़ रुपए से अधिक की राशि मंजूर की गई है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद सूडा द्वारा इन कार्यों की स्वीकृति के आदेश जारी कर दिए गए हैं। सूडा द्वारा पाटन नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक-1 में दुबे डबरी सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य के लिए 51 लाख 42 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-7 में सरगबुंदिया तालाब सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य के लिए 43 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक-8 में बुद्धु तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 84 लाख 61 हजार रुपए तथा वार्ड क्रमांक-12 में महामाया तालाब सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य के लिए 99 लाख 31 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

### एक्टिवा और कार में टक्कर से तीन घायल

**दुर्ग।** तेज रफ्तार एक्टिवा ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। इसमें से एक गंभीर रूप से घायल युवक को बीएम शाह अस्पताल रिफर किया गया। ग्राम मटिया अर्जुंदा निवासी प्रार्थी गिरधरलाल साहू रिपोर्ट दर्ज कराई है। जांच जारी है।

# खराब बारदाने की वजह से केंद्रों से मायूस होकर लौट रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी शुरू हुए लगभग 10 दिन से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन अब तक व्यवस्था पटरी पर नहीं आई है। बहुत से खरीदी केंद्रों में किसानों को ऑफलाइन टोकन नहीं मिल रहा है तो कुछ सोसाइटियां अभी से बारदानों की कमी से जूझ रही हैं। उठाव नहीं होने से धान जाम होने लगा है। ज्यादातर सोसायटी में मिलर द्वारा भेजे गए खराब क्वालिटी के बारदानों से परेशान हैं।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर धान खरीदी केंद्रों के निरीक्षण करने निकले इस दौरान उक्त सारी समस्याओं से किसानों ने अवगत कराया। खरीदी केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान बेचने टोकन लेने किसान परेशान हैं। ऑनलाइन टोकन एप रोजाना सुबह 9.30 बजे खुलता है। 10 से 15 मिनट में ही सारे समितियों के टोकन कट जाते हैं। इसके चलते समितियों से किसानों को मैनुअल टोकन नहीं मिल पा रहा है।

किसानों को मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में लक्ष्य से आधा भी धान खरीदी नही हो पा रही है। टोकन समस्या राहत पाने तत्काल टोकन लिमिट बढ़ाया जाना चाहिए ताकि किसानों को समस्या न हो। अवलोकन के दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष सरोजनी चन्द्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, सुनीता चेनेवार,करीम ख़ान, रामप्यारी वर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, डॉ.अशोक वर्मा, कमलेश साहू, कैलाश नाहटा, ओनी महिलांग, गोपी निर्मलकर, टनेंद्र ठाकरे, श्रीकांत वर्मा सहित किसान मौजूद थे। किसानों ने जल्द व्यवस्था सुधार की मांग की है।

## ग्राम ढौर जामुल में किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ली खरीदी की जानकारी

### धान खरीदी से बचना चाहती है सरकार

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार किसानों को धान की कीमत 3,100 रुपये प्रति क्विंटल और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने से बचना चाहती है। जानबूझकर खरीदी केंद्रों में अव्यवस्थास्था निर्मित की है। इतने दिनों में धान की खरीदी काफी कम हुई है। जो भाजपा सरकार के धान खरीदी में अरुचि को दर्शाता है। ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में धान बेचने के लिए 27 लाख 68,000 किसानों ने पंजीयन करवाया है। सरकार का लक्ष्य 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का है। पिचके कुछ दिनों में जिस प्रकार से किसानों को टोकन, बारदाना के लिए भटकना पड़ रहा है इससे ऐसा ही लगता है कि भाजपा सरकार किसानों का धान नही खरीदना चाहती।



### रेगुलर कंप्यूटर ऑपरेटर नहीं होने से कार्य मे रुकावट

सरकार द्वारा सेवा सहकारी समितियां के रेगुलर कंप्यूटर ऑपरेटर को चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर प्रक्रिया में ड्यूटी लगाने के बाद से व्यवस्था और भी चरमरा गई है। किसानों का एग्री स्टेक पंजीयन नहीं हो पा रहा है। ब्याज अनुदान और पीआरपी नही चढ़ पा रहा। एग्रीटेक पंजीयन में किसानों का खसरा नही जुड़ पा रहा है, जिससे धान खरीदी में किसानों को भटकना पड़ रहा है। किसानों को किसी भी प्रकार का लाभ नहीं मिल रहा है उल्टे किसान काफी हताश व परेशान हैं।

## वार्ड परिक्रमा : वार्ड 1 में सड़क, नालियां और पानी सबसे बड़ी समस्या

# जुनवानी वार्ड का हाल बेहाल, पार्षद के निधन के बाद सड़क से सफाई तक के हालात बिगड़े

## वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का अभाव, नागरिक चाह रही समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई नगर निगम के वार्ड 1 जुनवानी में पार्षद के निधन के बाद सड़क, सफाई, पानी और नालियों की समस्याएं बढ़ गई हैं। वार्डवासी सालभर से मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं, लेकिन शिकायतों पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही। वार्ड की ये तस्वीर सिर्फ कागज भर की समस्या नहीं है। एक प्रतिनिधि की कमी पूरे मोहल्ले की जिंदगी रोक दी है। अब सवाल यह है कि इन हालातों पर कब ध्यान दिया जाएगा। और इस वार्ड को उसकी बुनियादी सुविधाएं कब वापस मिलेंगी।

नगर निगम जोन 1 का वार्ड 1 आज हाल से ज्यादा हालात की कहानी बन गया है। विगत 13 अक्टूबर 2024 को पार्षद योगेश साहू का निधन हो गया है। उनके निधन के बाद वार्ड जैसे बेसहारा हो गया। लोगों के सामने रोज की जरूरतें भी संघर्ष बन चुकी हैं। यहां की सड़कें आधी बनी, आधी टूटी पड़ी हैं। सतनामी मोहल्ला में हाल और खराब है। सड़क अधूरी छोड़ दी गई, पानी की सप्लाई अनियमित है और सरकारी नल अक्सर सूखे रहते हैं। मुश्किल बढ़ती है तो लोग खुद ही जुगाड़ में लग जाते हैं. वार्डवासी लंबे समय से एक सामुदायिक भवन की मांग कर रहे हैं। जवाब में जनप्रतिनिधियों से सिर्फ भरोसे मिले, काम नहीं। साप्ताहिक बाजार की जगह पर कचरा हमेशा ढेर बनकर पड़ा रहता है। कोई देखने वाला नहीं।





### जुनवानी से खम्हरिया की सड़क जर्जर


जुनवानी से खम्हरिया की सड़क इतनी जर्जर है कि लोग मजबूरी में रोज खतरा उठाकर गुजरते हैं। इस सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए है। नालियों का हाल सालों से वही है। सफाई नहीं, पानी सड़क पर। बड़े नालों में जलकुंभी उग आई है। यह साफ दिखाता है कि वार्ड को देखभाल की जरूरत है और वह भी तुरंत। पिछले लंबे समय से वार्ड में समस्याएं बनी हुई है। समाधान नहीं हो पा रहा है।

### जनप्रतिनिधियों से शिकायत पर नहीं बदले हालात

पार्षद नहीं, जिम्मेदारी नहीं। यही स्थिति आज वार्ड 1 के लोगों की सबसे बड़ी समस्या है। वार्डवासी नेता और विधायक तक कई बार अपनी बात रख चुके हैं, लेकिन हालात नहीं बदले। लोग कहते हैं कि शिकायत तो करते हैं, पर सुनने वाला कोई नहीं आता। सतनामी मोहल्ला के महिलाओं ने बताया कि पानी बोर और सड़क निर्माण को लेकर वैशालीनगर विधायक को भी ज्ञापन दिए थे, लेकिन कोई हल नहीं निकला।

### साप्ताहिक सब्जी बाजार में गंदगी खरीदार और दुकानदार दोनों परेशान

स्थानीय निवासी गोलू देशलहरे ने बताया कि



जुनवानी चौक पर हर हफ्ते सब्जी बाजार लगता है। यहां खरीदारी करने वालों की संख्या काफी ज्यादा रहती है, लेकिन जगह की सफाई की हालत ठीक नहीं है। जिस स्थान पर बाजार लगता है, वहां पहले से ही गंदगी पसरी रहती है। भीड़ बढ़ने पर हालात और बिगड़ जाते हैं। उन्होंने बताया कि कई बार शिकायत की गई लेकिन सफाई का काम नियमित नहीं होता। खरीदार और दुकानदार दोनों को बदबू और गंदे माहौल में घंटों रहना पड़ता है। लोगों की मांग है कि बाजार लगने से पहले और बाद में साफ सफाई की उचित व्यवस्था की जाए।

### सामुदायिक भवन की मांग तेज, आयोजनों में लोगों को दिक्कत

गोलू पुरानिक ने बताया कि सतनामी मोहल्ला आज



भी सामुदायिक भवन से वंचित है। किसी भी तरह का सामाजिक या पारिवारिक आयोजन होना हो तो लोगों को जगह ढूंढने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। कई बार मजबूरी में छोटे कार्यक्रम भी खुले में करने पड़ते हैं। गोलू का कहना है कि मोहल्ले की आबादी बढ़ चुकी है, ऐसे में सामुदायिक भवन अब जरूरत से ज्यादा जरूरी हो गया है। रहवासी उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन जल्द सुनवाई करे और यहां एक व्यवस्थित सामुदायिक भवन बनाया जाए, ताकि सभी कार्यक्रम बिना परेशानी के हो सकें।

### अधूरी सड़क और पानी की किल्लत, रहवासी परेशान

तुलेश्वरी साहू ने बताया कि उनके मोहल्ले में



सड़क आधी बनाकर छोड़ दी गई है। बाकी हिस्सा कच्चा पड़ा है, जिससे बारिश के दिनों में लोगों को चलना मुश्किल हो जाता है। गाड़ियां फंसती हैं और बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को दिक्कत उठानी पड़ती है। यहां पानी की समस्या भी लगातार बनी रहती है। नल में पानी नहीं आया तो लोग पीने के पानी के लिए दूसरे मोहल्लों में जाने मजबूर हो जाते हैं। तुलेश्वरी साहू ने बताया कि कई बार शिकायत की गई, लेकिन हालात जैसे थे वैसे ही खड़े हैं। रहवासियों की मांग है कि सड़क जल्द पूरी हो और पानी की नियमित व्यवस्था बनाई जाए।

## आत्मनिर्भरता का लिया संकल्प, स्वदेशी सामानों के उपयोग का दिया गया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र के पूरब मंडल के सेक्टर 4 में स्थित एसएनजी विद्यालय के सभागार में विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यवक्ता के रूप में डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी प्रदेश आईटी सेल सहसंयोजक एवं मुख्य अतिथि विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा भिलाई जिला के अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने की। विशिष्ट अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बृजेश बिजपुरिया, वीरेंद्र साहू, शिरीष अग्रवाल, पिछड़ा वर्ग प्रदेश मंत्री तुलसी साहू, संजय दानी, बुध्धन सिंह ठाकुर, चन्ना केशवलु, पूनम शुक्ला, स्वीटी कौशिक उपस्थित थे।

■ आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एसएनजी स्कूल में आयोजित

कार्यक्रम में मंच संचालन जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल एवं सुषमा जेठानी ने किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना आत्मनिर्भर भारत के जिला संयोजक विजय जायसवाल जी के द्वारा रखा गया। प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का मतलब आत्म से है चाहे आर्थिक रूप से हो भौतिक रूप से या फिर आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक रूप से हो। भारत आज रक्षा के क्षेत्र में स्वदेशी निर्माण के बल पर आत्मनिर्भर बन रहा है। आज हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन 2047 आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वदेशीकरण से सेना में आधुनिकीकरण को बढ़ाने का काम कर रहे हैं। प्रेमप्रकाश पांडेय ने आगे कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान हम दूसरे देशों के सेटेलाइट पर निर्भर थे। पर आज हम दूसरे देशों को सेटेलाइट दे रहे हैं। कल तक हमें सेना में छोटे छोटे हथियारों के लिये दूसरे देशों पर निर्भर रहना पड़ता था, आज हम कई देशों को टेंक से लेकर मिसाइल, एयर डिफेंस सिस्टम तक दे रहे हैं। इसे ही आत्मनिर्भरता कहते हैं। डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी ने कहा कि जब हम स्थानीय उत्पाद खरीदते हैं, तो सिर्फ एक सामान नहीं खरीदते, बल्कि एक कारीगर की मेहनत का सम्मान करते हैं। एक परिवार की आजीविका बचाते हैं। और अपने देश की अर्थव्यवस्था को शक्ति देते हैं। पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि लोकल फ़ॉर वोकल केवल एक आर्थिक अभियान नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय भावना है, जहां हम अपने देश के स्वाभिमान, संस्कृति और कौशल को आगे बढ़ाते हैं। कार्यक्रम में शैलेन्द्र सिंह, मनोज तिवारी, पारस जंघेल, रश्मि सिंह, भारती साहू, तिलक राज आदि मौजूद थे।

# एसआईआर में विसंगति, मतदाताओं का नहीं दिया जा रहा प्रारूप, शिकायत

**दुर्ग।** मतदाता पुनरीक्षण कार्य एसआईआर में बड़ी लापरवाही सामने आ रही है, जिन मतदाताओं का नाम किन्हीं कारणों ने मतदाता सूची में नहीं मिल रहा है या जो अन्यत्र दूसरे जगह शिफ्ट कर गए हैं, उन्हें प्रारूप नहीं दिया जा रहा है। इतना ही नहीं जिन मतदाताओं को 2003 का रिकॉर्ड नहीं मिल पा रहा है, वे भी खासे परेशान हैं। इसे लेकर आम आदमी पार्टी ने मुख्य निर्वाचन आयोग से मामले की शिकायत की है। संगठन के प्रदेश महासचिव वद्दू आलम ने एसआईआर का कार्य 6 महीने तक बढ़ाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि 4 दिसंबर तक जानकारी जुटाना संभव नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा लोगों के पास नियमों की सही जानकारी भी नहीं है। पूरी प्रक्रिया में भारी अनियमितता है। वर्तमान समय सीमा अव्यावहारिक है। आदिवासी क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्रों का वितरण अभी भी अत्यंत धीमा है। बीएलओ को पर्याप्त प्रशिक्षण नहीं मिला है। दिशा-निर्देश स्पष्ट नहीं हैं। कई स्थानों पर अनावश्यक दस्तावेज़ मांगें जा रहे हैं, जिससे नागरिकों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। प्रदेश सचिव देवेंद्र सिंह भाटिया ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण की समय सीमा 4 दिसंबर तक रखी गई है, जो बेहद ही कम है। पीछे से लाखों फर्जी वोटरों के नाम जोड़ने का एक बड़ा षड़यंत्र नजर आ रहा है। इतने कम समय सीमा पर यह कार्य सम्पूर्ण नही हो सकता इसलिए निर्वाचन आयोग से आम आदमी पार्टी की मांग है कि इसकी समय सीमा अतरिक्त 6 माह बढ़ाई जाएं। इसे लेकर शिकायत की गई है।

■ आप ने मुख्य निर्वाचन आयोग को कराया अवगत

## लाइसेंस शिविरों में उमड़ी भीड़, एक दिन में 560 पंजीयन और 62 लाइसेंस हुए जारी

**दुर्ग।** दुर्ग ट्रैफिक पुलिस ने ऑपरेशन सुरक्षा के तहत लाइसेंस और वाहन



दस्तावेज शिविरों की श्रृंखला शुरू की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में लगाए गए इन शिविरों में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सीधे विभागीय सेवा उपलब्ध कराना और बिचौलियों पर रोक लगाना है। यह अभियान 24 नवंबर से शुरू होकर 12 दिसंबर तक जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में चलाया जाएगा। 24 नवंबर को धमधा थाना क्षेत्र में आयोजित शिविर में लर्निंग लाइसेंस, ड्राइविंग लाइसेंस, नवीनीकरण और वाहन दस्तावेजों की ऑन स्पॉट प्रक्रिया की गई। एक ही दिन में 560 नए पंजीकरण और 62 ड्राइविंग लाइसेंस जारी हुए। इस शिविर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जानकारी की कमी के कारण जो लोग लाइसेंस नहीं बनवा पाते थे, अब उन्हें मौका मिल रहा है। वहीं धमधा, स्मृति नगर और जामुल में 24 और 25 नवंबर को चलाए गए शिविरों में कुल 260 लर्निंग लाइसेंस बनाए गए। ट्रैक्टर चालकों ने भी बड़ी संख्या में लाइसेंस के लिए आवेदन दिया। साथ ही एचएसआरपी नंबर प्लेट के लिए भी कई लोगों ने आवेदन किया।

## बकाएदारों पर निगम का शिकंजा, लाखों की राशि निगम कोष में जमा, चलेगी मुहिम

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम द्वारा जल कर वसूली को लेकर चलाए जा रहे अभियान ने रफ्तार पकड़ ली है। लगातार बढ़ते बकायों को देखते हुए आयुक्त सुमित अग्रवाल ने राजस्व विभाग को सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत मंगलवार को निगम राजस्व टीम विभिन्न वार्डों में पहुंची और बकाया राशि नहीं जमा करने वालों के नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई शुरू की। अभियान के अंतर्गत उप-राजस्व निरीक्षक संजय मिश्रा एवं उनकी टीम ने वार्डों का निरीक्षण करते हुए बकायेदारों को नोटिस दिया। भुगतान के लिए बाध्य किया। इस दौरान कई नागरिकों ने तुरंत कर राशि जमा कर निगम कोष में सहयोग दिया। सबसे पहले वार्ड क्रमांक 32 में पुष्पा देवी पति उम्मेद चंद जैन द्वारा 41,517 की राशि चेक के माध्यम से जमा की गई, जिससे उनके जल-कर का लंबित भुगतान साफ हुआ। वार्ड 34 में सुंदर फगुवा द्वारा 10,480 नगद राशि बकाया कर के रूप में जमा कराई गई,



जो नल कनेक्शन काटे जाने की नोटिस के बाद दी गई। प्रहलाद साहू ने भी 18,337 की राशि नगद में जमा कर निगम की कार्यवाही से राहत पाई। निगम ने कहा कि जो उपभोक्ता बार-बार नोटिस देने के बाद भी भुगतान नहीं करेंगे, उनके नल कनेक्शन बिना किसी अतिरिक्त सूचना के विच्छेदित कर दिए जाएंगे। अभियान को आने वाले दिनों में और अधिक तेज गति देने की तैयारी है। राजस्व अधिकारी लगातार वार्डों में पहुंचकर उन उपभोक्ताओं की सूची बना रहे हैं जिनका भारी बकाया है।

## मनरेगा के अंतर्गत विशेष ट्रेंच पौधरोपण तकनीक अपनाई जा रही

# नई तकनीक से लिटिया की बंजर जमीन में आई हरियाली

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

विकासखण्ड धमधा के ग्राम पंचायत लिटिया की वर्षों से पड़ी बंजर भूमि अब हरी-भरी हरियाली में तब्दील हो चुकी है। यह परिवर्तन महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत अपनाई गई विशेष ट्रेंच वृक्षारोपण तकनीक के कारण संभव हुआ है, जिसने गांव की सूखी और अनुपयोगी जमीन को नया स्वरूप प्रदान किया है।

■ शासन से मिल रही आर्थिक मदद और पौधे

ग्राम सभा के प्रस्ताव के अनुसार लगभग 2 हेक्टेयर क्षेत्र में 1400 पौधों का रोपण किया गया, जिनमें नीम, आंवला और बादाम के पौधे शामिल हैं। पहले यह भूमि असमान सतह, मिट्टी कटाव, वर्षा जल के तेज बहाव और अवैध कब्जे की संभावना के कारण अनुपयोगी बनी हुई थी और साधारण रोपण में पौधे जीवित नहीं रह पाते थे। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए ट्रेंच विधि अपनाई गई, जिसमें प्रत्येक पौधे के पास गहरी और चौड़ी खाइयाँ बनाकर वर्षा जल को रोकने, मिट्टी की नमी बनाए रखने और जड़ों को मजबूती देने का प्रबंध किया गया। इस तकनीक से जमीन की गुणवत्ता में सुधार हुआ, पौधों की जड़ें गहराई तक विकसित हुईं और गर्मी के मौसम में भी वे सुरक्षित रह सके। साथ ही भूमि कटाव पर पूरी तरह रोक लगी और भू-जल स्तर में वृद्धि का सकारात्मक प्रभाव देखा गया।

### 15वें वित्त आयोग से राशि स्वीकृत

ग्राम पंचायत की सरपंच पांचो बाई बंजारे और सचिव मिथलेश यादव के नेतृत्व में पौधों की नियमित निगरानी, सिंचाई, खाद और सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। 15वें वित्त आयोग से प्राप्त पचास हजार रुपये की राशि से पंपलाइन और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया। मनरेगा मजदूरों और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयासों ने इस परियोजना को सामुदायिक स्वरूप दिया, जिससे न केवल खाली भूमि सुरक्षित हुई, बल्कि गांव की जैव विविधता में वृद्धि भी हुई। ग्रामीणों ने बताया कि वृक्षारोपण से गांव में हरियाली बढ़ रही है और पशु-पक्षियों के लिए प्राकृतिक आवास भी विकसित हो रहा है।



### 1400 पौधे लगाए गए

परियोजना के अंतर्गत 1400 पौधों का रोपण, 2304 मानव दिवसों का सृजन, दस लाख अठारह हजार एक सौ सत्तासी रुपये की मजदूरी व्यय, चार लाख सड़सठ हजार नौ सौ छियानबे रुपये की सामग्री लागत तथा कुल 426 परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिला है। ट्रेंच तकनीक से किया गया यह वृक्षारोपण कार्य पर्यावरण संरक्षण, भूमि सुधार, जल संचयन और रोजगार उपलब्ध कराने का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन गया है। ग्राम पंचायत लिटिया ने बंजर भूमि को हरी-भरी हरियाली में बदलकर मनरेगा के सकारात्मक प्रभाव को सिद्ध किया है।

## समय पूर्व जमा करें एसआईआर पत्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

गत दिवस कमिश्नर एसएन राठौर और कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की प्रगति के संबंध में विस्तृत निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के सभी मतदाताओं से कहा है कि समस्त मतदाता अपना गणना पत्रक अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना शीघ्र भरकर अपने बीएलओ को सौंप दें। गणना पत्रक जमा करने के बाद बीएलओ द्वारा उसे ऑनलाइन अपलोड किया जाता है, जिसमें समय लगता है। अतः किसी भी असुविधा से बचने हेतु शीघ्र गणना पत्रक भरकर बीएलओ को अवश्य जमा करें।

**NAME CHANGE**

It Is Informed to the general Public that, **MAHAVIR SHANTILAL JAIN s/o SHANTILAL JAIN**, residence of Bhilai (C.G.) have changed my oldname **MAHAVIR SHANTILAL JAIN s/o SHANTILAL JAIN** so in future I should be recognized by my new name that is **MAHAVIR JAIN s/o SHANTILAL JAIN** in all Government and other documents.

**MAHAVIR JAIN**
Plot No.- 23/6, Street-8,
Nehru Nagar(West),
Bhilai, Dist.-Durg,
Chhattisgarh - 490020

## खबर संक्षेप

### अवकाश नकदीकरण के भुगतान से कर्मचारियों को मिली राहत

**अहिवारा।** नगर पालिका परिषद अहिवारा में कर्मचारियों को अवकाश नगदीकरण का भुगतान किया गया। इससे कर्मचारियों ने हर्ष जताया है।उल्लेखनीय है कि नगर पालिका परिषद अहिवारा में करदाता से प्राप्त बकाया कर की राशि 2 करोड़ 73 लाख से विभागीय मंत्री, सचिव के आदेश व जिला कलेक्टर के निर्देश पर निकाय में कार्यरत 8 सेवानिवृत्त - मृत कर्मचारियों के परिजनों को राशि दी गई। जिसमें छनकलाल दमाहे, कल्पना घोष सहायक ग्रेड 3 , कमलेश साहू दिनेश कुमार ठाकुर सहायक राजस्व निरीक्षक, शिवकुमार तिवारी भृत्य, कमलेश्वरी यादव, शकुन बाई साहू, अलखराम यादव, सविता सोनी सफाई, कुल राशि 22 लाख 58 हजार अवकाश नगदीकरण का भुगतान हुआ। राशि के अभाव में लंबे समय से भुगतान नहीं होने के कारण कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। भुगतान से कर्मचारियों को राहत मिली है एवं शासन के आदेशानुसार लंबित विद्युत देयक की राशि 1 करोड़ 37 लाख रुपए का भुगतान किया गया है। इससे की केन्द्र शासन की लंबित राशि राज्य शासन को प्राप्त हो पायेगी।


### मोरिद हाई स्कूल में किया सायकल वितरण



**सेलुद।** मोरिद हाईस्कूल में सरस्वती योजना के अंतर्गत सायकल वितरण किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर ने बताया कि शासन से प्राप्त निशुल्क सरस्वती सायकल प्रदाय योजना के तहत बालिकाओं को सायकल वितरण किया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने कहा कि बच्चों को सायकल मिलने से स्कूल आने जाने मे सुविधा होगी जिससे शाला की उपस्थिति बढ़ेगी तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर राजू लाल नेताम जिलाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा, शैलेन्द्र शेन्डे मंत्री भाजपा जिला दुर्ग,भिलाई-3 के मण्डल अध्यक्ष वरुण यादव ,मण्डल महामंत्री द्वय सनीर अग्रवाल, श्याम सुंदर जायसवाल, प्राचार्य श्रीमती ममता मेहता ,राजेश लहरी अध्यक्ष एस. एम. डी. सी. हाई स्कूल मोरिद,कृष्ण कुमार वर्मा पूर्व एल्डरमैन भिलाई चरोदा,खिलावन वर्मा नेता प्रतिपक्ष भिलाई चरोदा नगर निगम,सहित स्कूल के शिक्षकगण ,विद्यार्थीगण एवं पालकगण उपस्थित थे।

### निधन

### उर्मिला दशोरे



**भिलाई।** 31/1 स्ट्रीट - 8/बी मैत्री नगर, रिसाली निवासी एवं बीएसपी शिक्षा विभाग की पूर्व प्राध्यापिका उर्मिला दशोरे का निधन सोमवार को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 26 नवंबर को निवास स्थान से सुबह 11.30 बजे निकलेगी। वे लक्ष्मी नारायण दशोरे की पत्नी, आशीष, शैलेश व आलोक दशोरे की मां थीं।

# धमधा में मास्टर प्लान लागू न होने से करोड़ों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमधा

धमधा नगर में अब तक मास्टर प्लान (हाउसिंग) लागू न होने के कारण नगर के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और करोड़ों रुपये के नुकसान की आशंका जताई गई है। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रमन लाल यादव ने इस संबंध में अधिकारीगण को ज्ञापन सौंपकर तत्काल मास्टर प्लान लागू करने की मांग की है।

रमन लाल यादव ने बताया कि मास्टर प्लान के अभाव में नगर में अव्यवस्थित रूप से छोटे-छोटे प्लॉट बेचे जा रहे हैं, जिससे नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिना हाउसिंग अनुज्ञा के बढ़ रहे अवैध निर्माणों के कारण नगर का व्यवस्थित विकास बाधित हो रहा है। इसके चलते भविष्य में करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाले इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान न होने की वजह से न तो शहर का सुनियोजित विस्तार हो पा रहा है



और न ही नागरिकों को आ व श्य क सुविधाएँ मिल पा रही हैं। यदि स्थिति यही रही तो आने वाले समय में नगर अव्यवस्थित कॉलोनियों और ट्रैफिक अव्यवस्था का केंद्र बन सकता है।

रमन लाल यादव ने जिला प्रशासन और नगर पंचायत से मांग की है कि नगर के हित में शीघ्र ही मास्टर प्लान लागू कर वर्षों से लंबित विकास कार्यों को गति दी जाए।

पूर्व अध्यक्ष रमन लाल यादव ने कहा—धमधा नगर वर्षों से मास्टर प्लान का इंतजार कर रहा है। लोग रोज़ टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के चक्कर काट रहे हैं और त्रस्त हैं। अव्यवस्थित निर्माणों के चलते करोड़ों रुपये का भविष्य नुकसान सामने दिख रहा है। नगर जल्द ही नगर पालिका बनने की दिशा में बढ़ रहा है, ऐसे में प्रशासन को तेजी दिखानी चाहिए। मैं मांग करता हूँ कि धमधा की जनता के हित में मास्टर

### मितानिनों का सम्मान

**उतई।** दुर्ग ग्रामीण के ग्राम डुंडेरा में मितानिन दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने सभी मितानिन बहनों को साल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया एवँ मितानिन दिवस की बधाई दी। इस दौरान पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने कहा कि हमारी मितानिन बहने छत्तीसगढ़ का गौरव है।

## हजारों कर्मचारियों को हो रहा है दोतरफा नुकसान

# पांच साल बाद भी अपूर्ण है सेल कर्मचारियों का वेतन समझौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सेल वेतन समझौता की विसंगितयों को अब तक दूर नहीं किए जाने की कीमत भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल के हजारों कर्मचारियों को चुकानी पड़ रही है। लेटलतीफी से कर्मियों को दोतरफा नुकसान हो रहा है। इससे असंतोष बढ़ रहा है। श्रमिक संगठनों ने उच्च प्रबंधन से वेतन समझौता को जल्द पूर्ण किए जाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि सेल वेतन समझौता वर्ष 2017 से लागू होना था, लेकिन दिल्ली में हुई एनजेसीएस बैठक में प्रबंधन के अड़ियल रवैये के चलते पे रिवीजन के एमजीबी, भत्तों और एरियर्स आदि पर सर्वमान्य निर्णय नहीं हो सका था। यूनियनों के मुताबिक सेल प्रबंधन ने इतिहास में पहली नियम और परिपाटी से हटकर सर्वसम्मति के बजाए बहुमत के आधार पर वेतन समझौता कराने की प्रयास किया। इसका यूनियनों पुरजोर विरोध किया था। इसके चलते समझौते की विसंगतियों को अब तक दूर नहीं किया जा सका है। लिहाजा हजारों कर्मचारियों के लंबित 39 महीने के एरियर्स का भुगतान पांच साल बाद भी नहीं किय जा सका है। कर्मियों के एचआरए आदि भत्ते में लंबित हैं। जबकि एनजेसीएस बैठक में प्रबंधन द्वारा एरियर्स जल्द भुगतान पर सहमति बनी थी। अब तक भुगतान नहीं होने से कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है। यूनियनों द्वारा इस्पात मंत्री व प्रबंधन से जल्द अपूर्ण समझौता को पूर्ण कर लंबित वित्तीय सुविधाएं के जल्द भुगतान की मांग की है।



### कर्मियों को हो रहा दोहरा नुकसान

सेल कर्मचारियों के वेतन समझौता को अब तक पूर्ण नहीं किए जाने से भिलाई इस्पात संयंत्र के 12 हजार कर्मचारियों सहित पूरे सेल करीबन एक लाख कर्मियों को दोतरफा आर्थिक नुकसान हो रहा है। यूनियनों के मुताबिक वेतन समझौता को पूर्ण नहीं किए जाने से कर्मचारी को पांच से सात लाख रुपए का नुकसान हो रहा है। वहीं 39 माह का लंबित एरियर्स भी भुगतान नहीं होने से मूलधन के साथ ब्याज भी नहीं मिल रहा है। एटक के विनोद कुमार सोनी ने बताया कि पिछले दो साल से बोनस को लेकर भी प्रबंधन मनामानी कर रहा है। एरियर्स की तरह कर्मियों को बोनस भी कम दिया जा रहा है।

### दो यूनियनों ने नहीं किए थे हस्ताक्षर

पांच साल पूर्व दिल्ली में हुई वेतन समझौता बैठक में सेल प्रबंधन द्वारा यूनियनों की एकजुटता तोड़ने की कोशिश की गई। पांच एनजेसीएस यूनियनों में दो यूनियनों सीटू और बीएमएस ने असहमति जताते हुए एमओयू में हस्ताक्षर नहीं किए थे। जबकि इंटक, एटक और एचएमएस यूनियन ने सहमति दी थी। लेकिन बाद में सभी यूनियनों ने एकजुटता दिखाते हुए वेतन समझौता को अवैध व अपूर्ण करार देते हुए इसकी विसंगितयों को दूर करने के लिए कई बार धरना प्रदर्शन, गेट मीटिंग और हड़ताल की । लेकिन अब तक सेल कर्मियों को वेतन समझौता को पूर्ण नहीं किया गया है। इंटक के महासचिव वीपी सिंह ने कहा कि कर्मियों की मेहनत और असंतोष को देखते हुए बिना दे किए जल्द समझौता की विसंगितयों को दूर करें।

# पाटन राज ठेठवार यादव समाज के युवा और महिला प्रकोष्ठ का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद

ठेठवार यादव समाज पाटन राज के अध्यक्ष ईश्वर यादव ने अपने कार्यकारिणी के साथ ही युवा प्रकोष्ठ , महिला प्रकोष्ठ, और न्याय समिति के पदाधिकारियों की सूची जारी की है। एक बार फिर से बलराम यादव को पाटन राज का मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा समाज के संरक्षक खेमराज यदु सावनी, नंदकुमार यादव गबदी, गैंदलाल यादव औंसर को बनाया है। सामाजिक पदाधिकारियों में



पाटन राज अध्यक्ष ईश्वर यादव बोरेंदा, सचिव अश्वनी यादव पाहंदा, कोषाध्यक्ष अश्वनी यादव परसाही टी, उपाध्यक्ष संतोष यादव कानाकोट, जितेंद्र यादव अचानकपुर, सह सचिव संतोष यादव रनचिराई, मोहन यादव असोगा,प्रचार मंत्री यशवंत यादव खुटेरी, राजकुमार यादव धौराभाठा , राकेश यादव औसर , संगठन मंत्री राकेश यादव सावनी, ईश्वर यादव चुलगहन, लेखराम यादव तर्रा मिडिया प्रभारी बलराम यादव सेलूद , अकेंक्षक जितेंद्र कुमार यदु पाहंदा, राज महतो राजकुमार यादव तेलीगुंडरा को बनाया गया। इसके अलावा सदस्य सभी परिक्षेत्र के अध्यक्ष व सचिव, महिला प्रकोष्ट के अध्यक्ष व सचिव, युवा प्रकोष्ट के अध्यक्ष व सचिव कार्यकारिणी में पदेन सदस्य होंगे। पाटन राज ठेठवार यादव समाज के महिला प्रकोष्ट संरक्षक श्रीमति सुनीता यादव बोरेंदा,अध्यक्ष श्रीमति भारती यदु तर्रा,सचिव श्रीमति मंजूलता यादव बोरवाय,कोषाध्यक्ष श्रीमति गायत्री यादव करेला,उपाध्यक्ष श्रीमति कुंती यादव मचादुंर, उत्तरा यादव डोंगीतराई, सह सचिव श्रीमति संध्या यदु गबदी, सुनीता यदु पेंडरी, प्रचार मंत्री श्रीमति रानी यदु सावनी, अरुणा यादव पर साही टी, दुलारी यदु सिकोला संगठन मंत्री श्रीमति पल्लवी यादव कुम्हली, हेम वर्षा मर्रा तथा सदस्यों में श्रीमति देवकी यदु तर्रा, प्रभा यदु सिर्री, मालती यदु मचादुंर, दुर्गा यदु सावनी, स्यामा यादव गाड़ाडीह, शैलेंदरी यादव कुम्हली को शामिल किया गया है। इसी प्रकार समाज के युवा प्रकोष्ट का संरक्षक मदन यादव केसरा, चन्द्र शेखर यदु सावनी, इध्रजीत यादव सिर्री , अध्यक्ष ओमप्रकाश यदु तर्रा,सचिव भुनेश्वर यादव सिकोला, कोषाध्यक्ष पवन यादव कसही, उपाध्यक्ष कमलेश यादव कुम्हली, महेन्द्र यादव सावनी, सह सचिव सनत यादव बोरेंदा, देवेंद्र यादव सावनी , प्रचार मंत्री गोपाल यादव बीजाभाठा, मोहित यदु गभरा, त्रिभुवन यादव सेलूद, संगठन मंत्री उत्तम यादव गाड़ाडीह, ललित यादव बेलौदी को बनाया गया। समाज की न्याय समिति में बाला राम यादव पाहंदा, मधुसुदन यादव डोंगी तराई, नेतराम यादव बोरवाय, झुमुक यादव सोनपुर, संतोष यादव छाटा, संतोष यादव कुरमीगुंडरा, सदा राम यादव फुंडा को जिम्मेदारी दी गई है।

## बिजनेस न्यूज

### महक सेनिटेशन में सेनेटरी व बाथरूम फिटिंग्स की विशाल रेंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

महक सेनिटेशन में सेनेटरी व ब बाथरूम फिटिंग्स की विशाल रेंज दे अपने बाथरूम को नया लुक महक सेनिटेशन भिलाई दुर्ग में प्रसिद्ध सैनिटीवेयर डीलरों में से एक है किशोर प्लाजा ग्रीन चौक दुर्ग स्थित महक सेनिटेशन में सी पी बाथरूम फिटिंग ऑल टाइप ऑफ़ सेनेटरी वेयर प्रोडक्ट्स की विस्तृत रेंज उपलब्ध है यहां टसा ओसाका पेरीबेयर जैक बर जैकवार मिरास फेरीवेयर जैसे ब्रांडेड के प्रोडक्ट्स उपलब्ध है बेनीटिस फैंसी मिरर ग्लास बाउल ग्लास वॉश बेसिन बाथरूम डिजाइनर नल वर्षा लकड़ी के फर्स मॉड्यूलर रसोई वैलनेस उत्पाद सीवीसी सीपीबीसी पाइप एक्वा लाइट्स सीरेमिक मोजेक बाथटब जैसी विविध सुविधाए यहां ग्राहको के लिए उपलब्ध है संचालक अनिल ने बताया कि रियल स्टेट के विभिन्न मॉडन घरों में उनके शॉप के ही फिटिंग आइटम लगाएं गए हैं ग्राहकों के लिए नगद और चेक भुगतान के स्वीकृत तरीके उपलब्ध है। आप भी अपने बाथरूम को यूनिक लुक देना चाहते हैं तो महक सेनिटेशन की यूनिक रेंज का इस्तेमाल जरूर करें,।

## कोटा स्टडी सर्किल की ऑल इंडिया टेस्ट सीरीज के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जैसा कि सभी जानते हैं कि कोटा स्टडी सर्किल राजस्थान से संबंधित ISO सर्टिफाइड एवं गवर्नमेंट ऑफ इंडिया द्वारा रजिस्टर्ड कोचिंग संस्थान है जहां प्रत्येक वर्ष हजारों छात्र , एवं छात्राएं नीट तथा जेईई की प्रिपरेशंस ऑफलाइन माध्यम से करते हैं। कोटा स्टडी सर्किल में इस वर्ष भी ऑल इंडिया टेस्ट सीरीज जो कोटा द्वारा संचालित होती है जिसे अभिजय टेस्ट सीरीज के नाम से भी जाना जाता है 7-12-2025 दिसंबर से प्रारंभ होने जा रही है जो की 100% नीट पैटर्न पर आधारित होती है। एवं दिसंबर से प्रारंभ होकर नीट के एग्जाम तक चलती है जहां माइनर टेस्ट, सेमी मेजर टेस्ट तथा मेजर टेस्ट एवं मॉक टेस्ट के द्वारा बच्चे आत्मा आकलन कर पाते हैं।

नीट परीक्षा में भाग लेने वाले छात्र एवं छात्र कि तैयारी किस प्रकार से हो एवं समय रहते हुए वह अपनी त्रुटि सुधार करते हुए मेंन एग्जाम्स पर फोकस हो पाते हैं अभिजय टेस्ट सीरीज की खासियत यह है कि यह 100% एनसीईआरटी बेस्ड होती है जिसके परिणाम स्वरुप 80% क्वेश्चंस आने की पूर्ण संभावना होती है। टेस्ट सीरीज में क्वेश्चंस का लेवल बहुत ही अच्छा होता है जिसे बच्चे जाकर डेमो के फॉर्म में भी देख सकते हैं। कंप्लीट टेस्ट सीरीज होने पर 80% क्वेश्चंस आने की गारंटी दी जाती है ।अथवा पसंद ना आने पर फीस रिफंड करने की भी गारंटी दी जाती है जो छात्र,छात्राएं नीट तथा जीईई की तैयारी कर रहे हैं, वह कोटा स्टडी सर्किल की भिलाईएवं रायपुर ब्रांच पर आकर टेस्ट सीरीज देख सकते हैं ।एवं डेमो के लिए भी सैंपल पेपर ले सकते हैं, जहां टेस्ट के पश्चात बच्चों को ऑल इंडिया रैंक क्या रहेगा ,स्टेट रैंक क्या रहेगा, उन्होने फिजिक्स केमिस्ट्री बायोलॉजी में कितने क्वेश्चंस अटेंड किए हैं कितने नेगेटिव मार्किंग हुए हैं एवं यह टेस्ट सीरीज एग्जिट 2:00 बजे स्टार्ट होती है तथा 5:00 बजे फिनिश हो जाती है टेस्ट सीरीज, 5 बजे के बाद उनको पीडीएफ सॉल्यूशन प्रोवाइड कर दिया जाता है अथवा कोई भी क्वेश्चन में डाउट है तो वह वीडियो लेक्चर के थ्रू क्लियर कर सकते हैं मैं सभी छात्रों को सलाह दूंगा कि इनका काम से कम एक टेस्ट जरूर देखनी चाहिए अथवा अटेंड करना चाहिए, कि कहीं हम बहुत अच्छी चीज तो मिस नहीं कर रहे थे, कोटा की टेस्ट सीरीज अटेंड करने के लिए आप भिलाई में बिल्डिंग नंबर 150 न्यू सिविक सेंटर स्थित कोटा स्टडी सर्किल तथा रायपुर में भाटिया कंपलेक्स जो कि राजकुमार कॉलेज के सामने है में रोड की पर स्थित है वहां आकर मिल सकते हैं ।



## क्रिएटिव माइंड 2025 प्रतियोगिता में युवाओं का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

एरिना एनिमेशन भिलाई के विद्यार्थियों ने इंदौर में आयोजित क्रिएटिव माइंड 2025 प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 पुरस्कार अपने नाम किए और छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि से भिलाई का नाम पूरे प्रदेश में गौरवान्वित हुआ है। प्रतियोगिता में कोनार वर्मा, वत्सल देशमुख, और राहिल अशरफी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि खुशांक नायक और आर्या सोनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, वत्सल देशमुख और ध्रुव खंडेलवाल ने वर्ल्ड क्रिएटिव एक्सीलेंस लीग के लिए गोल्डन टिकट अर्जित किया।

इस प्रतियोगिता में इंदौर, भोपाल, उज्जैन, रायपुर, बिलासपुर और भिलाई के विद्यार्थी प्रतिभागी रहे। एरिना एनिमेशन के संचालक डॉक्टर डीपी सिंह, निर्देशक पूजा सिंह, सेंटर मैनेजर प्रतिभा उन्नीकृष्णन, अकेडमी हेड तुलसी चंद्र प्रजापति और काउंसलर शालिनी सेन ने सभी विद्यार्थियों को उनकी इस सफलता के लिए शुभकामनाएं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### योगेंद्र का अभिनंदन

**पाटन।** क्षेत्र के भनसुली निवासी योगेंद्र निर्मल ने सीजीपीएससी में 32वां रैंक प्राप्त किया। उन्हें नायब तहसीलदार का दायित्व मिलने पर उनके प्रथम गृह ग्राम भनसुली



आगमन पर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने भव्य स्वागत एवं सम्मान कर बधाई दी। भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने भाजपा पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ योगेन्द्र निर्मल का निवास पहुंचकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, रानी बंछोर भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष ,योगेश निक्की भाले अध्यक्ष नगर पंचायत पाटन,निशा सोनी नगर पंचायत पाटन उपाध्यक्ष,केवल देवांगन सभापति नगर पंचायत पाटन,देवेंद ठाकुर सभापति नगर पंचायत पाटन,योगेश सोनी,चंद्रप्रकाश देवांगन,केशव बंछोर, सरपंच भगवती साहू , उप सरपंच पद्ममन साहू आदि उपस्थित थे।

## एस आर आई पी में "नैनोमेडिसिन फॉर प्रिसीजन थेरेपी" पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन

# नैनो टेक्नोलॉजी की परिवर्तनीय क्षमता और लक्षित उपचार विकसित करने में डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुम्हारी

श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ फ़ार्मेसी (एसआईआरपी) में एएनआरएफ द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी "सटीक उपचार के लिए नैनोमेडिसिनः लक्षित ड्रग डिलीवरी के लिए स्मार्ट नैनोकैरियर्स की इंजीनियरिंग" का सफल आयोजन 21–22 नवंबर को किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थान के निदेशक एवं प्राचार्य प्रो. एस. प्रकाश राव ने किया, जो इस संगोष्ठी के आयोजन सचिव भी रहे, जबकि डॉ. तिलोतमा साहू ने संयोजक एवं सुश्री आस्था वर्मा ने सह-संयोजक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ए एन आर एफ द्वारा प्रायोजित इस प्रतिष्ठित शैक्षणिक कार्यक्रम को एस आर आई पी तक लाने में महत्वपूर्ण योगदान के लिए डॉ. तिलोतमा साहू को विशेष धन्यवाद प्रदान किया गया।

संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. एस. दहरवाल, निदेशक, यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ



फ़ार्मेसी, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर उपस्थित रहे। अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में उन्होंने आधुनिक फार्माकोलॉजी में नैनो टेक्नोलॉजी की परिवर्तनीय क्षमता और लक्षित उपचार विकसित करने में इसकी बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कई ज्ञानवर्धक तकनीकी सत्र आयोजित किए गए।

पहला सत्र प्रो. शेखर वर्मा, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर द्वारा प्रस्तुत किया गया। उनके व्याख्यान में नैनो कणों द्वारा दवा की घुलनशीलता, जैवउपलब्धता और लक्षित डिलीवरी में होने वाले सुधारों पर विस्तार से चर्चा की गई। दूसरे सत्र में डॉ. बीना गिडवानी ने नैनो टेक्नोलॉजी द्वारा प्रिसीजन मेडिसिन को कैसे नई दिशा मिल रही है और किस प्रकार आनुवंशिक एवं आणविक प्रोफ़ाइल के आधार पर व्यक्तिगत उपचार संभव हो रहा है, इस पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इसके बाद डॉ. एजाजुद्दीन, रजिस्ट्रार एवं एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर (आर एंड डी), रुंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी, भिलाई ने ड्रग पॉलीमर कंज्युगेट्स पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने इनके माध्यम से दवाओं की स्थिरता, फार्माकोकाइनेटिक्स और लक्षित डिलीवरी में होने वाले लाभों को रेखांकित किया। संगोष्ठी का अंतिम सत्र डॉ. मंवेन्द्र सिंह करछुली, सीनियर मैनेजर, प्रीक्लिनिकल एवं टॉक्सिकोलॉजी, बैक्सटर (अहमदाबाद) द्वारा लिया गया। उन्होंने नैनोमेडिसिन की विषाक्तता मूल्यांकन पर प्रकाश डालते हुए सुरक्षा परीक्षण की अनिवार्यता एवं क्लिनिकल अनुप्रयोग में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संगोष्ठी ने नैनोमेडिसिन, प्रिसीजन थेरेपी और उन्नत दवा वितरण प्रणाली के क्षेत्र में शोध एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित किया।

# पतोरा सरपंच ने की मुख्य मार्ग पर क्षतिग्रस्त गति अवरोधक दुरुस्त कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद

दुर्ग–पाटन मुख्य मार्ग पर विधानसभा पाटन के प्रवेश द्वार ग्राम पतोरा में आवागमन लगातार जोखिमपूर्ण होता जा रहा है। क्षेत्र में सिक्स लेन सड़क निर्माण कार्य तेज़ी से प्रगति पर है, जिसके चलते प्रतिदिन हजारों की संख्या में छोटे, बड़े एवं भारी वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। भारी वाहनों के अत्यधिक ओवरलोड रहने से सड़क का दबाव बढ़ गया है और इसी कारण दुर्गावती चौक तथा देउरझाल चौक के बीच बने प्रमुख गति अवरोधक पूरी तरह उखड़ चुके हैं।

गति अवरोधक क्षतिग्रस्त होने के कारण वाहनों की रफ्तार अनियंत्रित रहती है, जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएँ होना आम बात हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में कई दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालक तेज रफ्तार के कारण दुर्घटना का शिकार हुए हैं। स्कूल आने–जाने वाले छात्रों एवं पैदल यात्रियों के लिए भी स्थिति बेहद खतरनाक बनी हुई है।

ग्राम पंचायत पतोरा के सरपंच ने संबंधित निर्माण एजेंसी एवं लोक निर्माण विभाग को समाचार पत्र के माध्यम से गति अवरोधक को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त कराने की मांग की है। सरपंच का कहना है कि जब तक गति अवरोधक पुनः नहीं बनाए जाते, तब तक दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाना मुश्किल है।

खबर संक्षेप

### बीएसपी के वित्त व लेखा विभाग की नेशनल पेंशन पर कार्यशाला

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के वित्त और लेखा विभाग द्वारा को बीआईटी परिसर में नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। उद्देश्य कर्मचारियों को बदलते पेंशन परिदृश्य, एनपीएस के फ्रेमवर्क तथा हाल ही में किए गए सुधारों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस के एनपीएस विंग के विशेषज्ञों ने एनपीएस की आवश्यकता, इसके लाभ, नवीन प्रावधानों एवं दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा में इसकी भूमिका पर जागरुक किया।कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम तथा कार्यपालक निदेशक पवन कुमार विशिष्ट अतिथि थे। विभिन्न विभागों के 150 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया।

### सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ संगम कार्यक्रम



**भिलाई।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर, नया खुर्सीपार में शुक्रवार को 'सप्तशती संगम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को रेखांकित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नया खुर्सीपार की प्राचार्या प्रीति गुप्ता ने की। विशेष वक्ता के रूप में डॉ. ब्रिजलता शर्मा सहायक प्राध्यापक, भौतिक विज्ञान, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, दुर्ग एवं बौद्धिक प्रमुख, राष्ट्र सेविका समिति तथा मुख्य वक्ता वर्षा चंद्राकर योग प्रशिक्षिका एवं संघ कार्यवाहिणी, संतोषी पर कैम्प-1 उपस्थित रहीं। डॉ. ब्रिजलता शर्मा ने अपने उद्बोधन में भारतीय दृष्टिकोण से कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण पर गहन प्रकाश डाला। इसके बाद महिलाओं के लिए रोचक प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित हुआ।

# आरआईएनएल में उत्पादन लक्ष्य के अनुरूप होगा वेतन भुगतान

## सेफी ने इस्पात मंत्री को लिखा पत्र, आदेश को बताया अन्यायपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेफी ने राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) प्रबंधन द्वारा जारी आदेश का कड़ा विरोध करते हुए तत्काल वापस लिए जाने की मांग की है। आदेश में में वेतन को औसत उत्पादन लक्ष्य के प्राप्ति के अनुपात में वेतन भुगतान की व्यवस्था की गई है,जिसे अन्यायपूर्ण और विधि के विरुद्ध व कर्मियों के लिए नुकसानदेह बताया है।

सेफी चेरमेन एनके बंछोर ने इस्पात मंत्री एसडी कुमार स्वामी को लिखे पत्र में आरआईएनएल के आदेश के उन गैर विधि सम्मत बिन्दूओं को उजागर किया है, जिसके तहत आरआईएनएल कार्मिकों के साथ किए जा रहे भेदभाव किया जा रहा है। आरआईएनएल प्रबंधन ने अपने इस आदेश में डीपीई दिशानिर्देशों की अवहेलना के साथ ही श्रम नियमों की भी अनदेखी कर वेतन निर्धारण का फार्मूला तय किया है, जो किसी भी परिस्थिति में न्यायसंगत नहीं है।

आरआईएनएल प्रबंधन के इस आदेश के तहत नवंबर 2025 माह से वेतन का भुगतान प्राप्त उत्पादन लक्ष्यों के अनुपात में किया जाएगा। नवंबर 2025 माह के लिए निर्धारित उत्पादन लक्ष्य जारी किया गया हैं। इसके तहत सिंटर प्लांट के लिए औसतन 24, हजार टन ग्रॉस सिंटर उत्पादन प्रतिदिन इसी प्रकार ब्लास्ट फर्नेस के लिए औसतन 19 हजार टन हॉट मेटल प्रतिदिन, एसएमएस के लिए औसतन 125 हीट्स प्रतिदिन तय किया गया है। सीओ एवं सीसीपी के लिए औसतन 370 पुशिंग्स प्रतिदिन, रोलिंग मिल्स के लिए औसतन 13,500 टन फिनिश्ड प्रोडक्ट्स प्रतिदिन, मार्केटिंग के लिए औसतन 15 हजार टन बिक्री प्रतिदिन। इन निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण करने पर ही बेसिक व डीए का पूर्ण भुगतान होगा अन्यथा उत्पादन लक्ष्य प्राप्ति के अनुपात के हिसाब से वेतन का भुगतान किया जाएगा।

### थर्ड पे-रिवीजन नहीं हो पाया लागू : बंछोर



आरआईएनएल इस्पात मंत्रालय के तहत एकमात्र ऐसा पीएसयू है, जो आज भी द्वितीय पे-रिवीजन ही लागू है। लेकिनआज भी थर्ड पे-रिवीजन को लागू नहीं किया जा सका, जबकि कंपनी ने दस में से 7 वर्षों में लाभ दर्ज किया था। इस दौरान आरआईएनएल बड़े विस्तारीकरण से भी गुजरा है। इस कारण आरआईएनएल अधिकारी अन्य स्टील पीएसयू की तुलना में कम वेतन प्राप्त कर रहे हैं। सेफी अध्यक्ष श्री बंछोर ने बताया कि स्टील उत्पादन एक पूर्णतः एकीकृत प्रक्रिया है। यदि किसी कारणवश ब्लास्ट फर्नेस प्रभावित हो, तो उसका सीधा प्रभाव श्रृंखला स्टील मेल्टिंग शॉप व रोलिंग मिल पर पड़ता है।

## अनदेखी : रोक के बाद भी बीच शहर में धड़ल्ले से हो रही अवैध प्लॉटिंग

# नेता और अधिकारी मेहरबान तो फिर अवैध प्लाटिंग करने वालों का कैसे होगा नुकसान

## अधिकारियों और नेताओं से सेटिंग का किया जा रहा दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कलेक्टर के निर्देश पर पूरे जिले में अवैध प्लॉटिंग पर रोक लगी है। राज्य शासन भी इसे बंद करने के लिए नई गाइडलाइन ला चुकी है। इसके बाद भिलाई नगर निगम में बीच शहर में धड़ल्ले से नई खाली जमीन पर कई एकड़ में अवैध प्लाटिंग की जा रही है। जमीन बेचने वाले लोगों से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि प्लॉटिंग से पहले उनकी नेता और अधिकारियों से बात हो चुकी है।

ताजा मामला ढांचा भवन के पास हाउसिंग बोर्ड साईं मंदिर से गोकुल धाम को जाने वाली रोड का है। यहां एसीसी कालोनी के ठीक बगल से लगभग 4-5 एकड़ खाली जमीन है। इस जमीन में पिछले एक सप्ताह से अवैध प्लॉटिंग के लिए ले-आउट किए जाने का काम चल रहा है। प्लॉट के साथ स्थाई रोड बनाने के लिए काली डस्ट डालाई जा रही है। वहां बकायदा कार खड़ी कर दलाल प्लॉट की बुकिंग भी शुरू कर दिए हैं।

प्लॉट बेचने वाले लोगों से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि ये प्लॉटिंग किसी सरदार जी ग्रुप के द्वारा की जा रही है। वो लोग कमीशन में प्लॉट बेच रहे हैं। जब उनसे कहा गया कि निगम और कलेक्टर ने अवैध प्लॉटिंग में रोक लगा दी है तो उन्होंने कहा कि उनकी पहले से ही सभी नेता और अधिकारियों से बात हो चुकी है। इसीलिए इतनी दिलेरी से प्लॉटिंग कर रहे हैं। जब सरदार जी ग्रुप के ऑनर का नंबर लेकर फोन किया गया तो उन्होने दावा किया कि वो लोग निगम से परमिशन के बाद प्लाटिंग कर रहे हैं। क्रेताओं को बिल्डिंग परमिशन भी दिया जा रहा है। लेकिन लोगों का कहना है कि ये लोग झूठा आश्वासन देकर प्लॉट बेच रहे हैं। इससे साफ है कि भिलाई में अब वहीं जमीन दलाल अवैध प्लॉटिंग कर पाएंगे, जिनकी नेताओं और अधिकारियों से अच्छी पहचान व पकड़ है।



### अन्य जगहों पर भी हो रही अवैध प्लॉटिंग

सबसे अधिक अवैध प्लॉटिंग कोहका और कुरुद क्षेत्र में हो रही है। यहां कई बार कार्रवाई भी निगम की टीम कर चुकी है। मनसा कॉलेज के पास खंडेलवाल भवन के पास भी कई एकड़ में अवैध प्लॉटिंग की जा रही है। यहां तो 70-80 प्रतिशत प्लॉट को बेचा जा चुका है। इसी तरह इंदू आईटी स्कूल के पीछे और कैलाश नगर में अवैध प्लॉटिंग हो रही है। लेकिन यहां ना तो अधिकारी कोई कार्रवाई कर रहे हैं औ ना ही खसरा बैन करने की कार्रवाई हुई है।

### मार्क बफेलियस स्कूल के पास अवैध प्लाटिंग

भिलाई निगम के अंतर्गत कैलाश नगर से लगे एरिये में बड़े पैमाने पर अवैध प्लाटिंग हो रही है। मार्क बफेलियस स्कूल के पास भी कई एकड़ की जमीन में जेसीबी चलाकर उसे बराबर कर प्लाटिंग का रूप देने का काम तेजी से चल रहा है। निगम से मिली जानकारी के अनुसार इस एरिया में कहीं भी प्लाटिंग करने की अनुमति नहीं दी गई है यदि ऐसा हो रहा है तो यह पूरी तरह से अवैध है।

### अवैध प्लॉटिंग पर होगी कार्रवाई

निगम क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। ये नई प्लॉटिंग है। इसकी जानकारी नहीं है। जल्द ही इस पर कार्रवाई कर इसे बंद कराया जाएगा।
**-येशा लहरे,** जोन कमिश्नर, वैशाली नगर जोन

# भिलाई इस्पात संयंत्र में सुरक्षित संचालन को बढ़ावा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ एमएंडयू संगठन ने क्विज से किया जागरूक

भिलाई इस्पात संयंत्र के एम एंड यू संगठन द्वारा सुरक्षा जागरूकता को सुदृढ़ करने प्लांट गैरेज ऑपरेटरों के लिए अर्थ मूविंग इक्विपमेंट (ईएमईएस), हाइवा, टिपर एवं अन्य भारी वाहनों के सुरक्षित संचालन पर आधारित क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बीके बेहरा थे। क्विज़ विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों नियमित एवं ठेका ऑपरेटरों को प्रतिभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

बेहरा ने भारी मशीनों के दैनिक संचालन में सुरक्षा के महत्व पर बल दिया। उन्होंने ऑपरेटरों से प्री-ऑपरेशनल चेक का सही क्रियान्वयन, स्पीड लिमिट का पालन, सतर्कता एवं अनुशासन बनाए रखने जैसी आदतों को मजबूती से अपनाने का आग्रह किया।

महाप्रबंधक और विभागाध्यक्ष बीडी बाबू ने कहा कि अधिकांश घटनाएँ सही संचार, ब्लाइंड-स्पॉट की जागरूकता तथा एसओपीएस के कड़ाई से पालन द्वारा रोकी जा सकती हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को क्विज़ से प्राप्त ज्ञान को अपने दैनिक संचालन में लागू करने और उच्चतम स्तर की सुरक्षा एवं व्यावसायिकता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन आशीष गुप्ता ने गया।इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रदीप्ता भौमिक, सहायक महाप्रबंधक उदय भानु तिवारी, वरिष्ठ प्रबंधक जेएल ध्रुव, डीएसओ डीसी महाजन, कनिष्ठ प्रबंधक एके अग्रवाल, कनिष्ठ प्रबंधक बी गोपाल राव, कनिष्ठ प्रबंधक नवीनिता चौहान, सहित प्लांट गैरेज के अधिकारी एवं ऑपरेटर उपस्थित थे।

# भारत के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर डाला प्रकाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर, नया खुर्सीपार में सप्तशती संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को रेखांकित करना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नया खुर्सीपार की प्राचार्या प्रीति गुप्ता ने की। विशेष वक्ता के रूप में डॉ. ब्रिजलता शर्मा सहायक प्राध्यापक भौतिक विज्ञान शासकीय विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग एवं बौद्धिक प्रमुख, राष्ट्र सेविका समिति तथा मुख्य वक्ता वर्षा चंद्राकर योग प्रशिक्षिका एवं संघ कार्यवाहिणी संतोषी पारा कैम्प-1 उपस्थित थीं। डॉ. ब्रिजलता शर्मा ने अपने उद्बोधन में भारतीय दृष्टिकोण से कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण पर गहन प्रकाश डाला। इसके बाद महिलाओं के लिए रोचक प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित हुआ। विशिष्ट माताओं के सम्मान सत्र में समाजसेवा में संलग्न पुत्रों की माताओं संगीता शर्मा, रत्ना मिश्रा तथा संयुक्त परिवार का सफल संचालन करने वाली महिलाओं को शॉल-श्रीफल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता वर्षा चंद्राकर ने भारत के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर ओजपूर्ण विचार व्यक्त किए। प्रीति गुप्ता ने महिलाओं के सर्वांगीण विकास में अपनी भूमिका को रेखांकित करते हुए सभी को प्रेरित किया। आभार प्रदर्शन सरस्वती शिशु मंदिर की प्राचार्या राजकुमारी यादव एवं संकल्प कुमारी योगिता साहू ने किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजिका शशि तिवारी ने कुशलतापूर्वक किया। वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।


# हॉस्पिटल सेक्टर के रहवासियों को मिलेगा पुनर्वास

## भिलाई निगम ने बीएसपी से मांगी 10 एकड़ जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर सेवा विभाग द्वारा वार्ड 69 हॉस्पिटल सेक्टर के आवासों को अनफिट घोषित किया गया है। आवास की जगह को छग शासन को हस्तांतरित किए जाने की मांग की गई है। भिलाई आयुक्त ने इसके लिए पत्र लिखा है।

■ बीएसपी से भूमि की मांग किए जाने से राहत की सांस ली है



जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के प्रवक्ता एवं हुडको संघर्ष समिति के संयोजक जावेद खान ने बताया कि लंबे समय से इसकी मांग की जा रही थी। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने सेल चेयरमैन एंव डायरेक्टर इंचार्ज भिलाई इस्पात संयंत्र को पत्र लिख कर प्रधानमंत्री आवास योजना की कंडिका 10.1, 10.2, 13.1, 13.2 का हवाला देते हुए दस एकड़ जमीन हस्तांतरण की मांग की है। गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व बीएसपी अधिकारियों की बैठक कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता मे हुई, जिसमें जिला प्रशासन ने बीएसपी से कोर्ट एंव नालंदा परिसर बनाने से लेकर अनेक विकास कार्यों के लिए जमीन की मांग की है।

जावेद खान ने बताया कि ब्लॉक के 702 परिवार जो यहां पिछले 20 वर्षों से नारकीय जीवन जीने को विवश है, उनके पूर्वजों ने सेक्टर नाइन अस्पताल मे नियमित बीएसपी के सफ़ाई कर्मचारी, अटेंडेंट के रूप मे सेवा की थी, लेकिन आज की पीढ़ी ठेकेदारी मे वही सेक्टर नाइन अस्पताल मे न्यूनतम वेतनमान मे जैसे तैसे अपना जीवन बसर कर रही है। पहले की अपेक्षा आज का जीवन बहुत कठिन हो गई है। कलेक्टर के निर्देश पर आयुक्त द्वारा बीएसपी से भूमि की मांग किए जाने से हॉस्पिटल सेक्टर वासियों ने राहत की सांस ली है।

## प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी

**भिलाई।** भारतीय खान ब्यूरो के तत्वावधान में नंदिनी लाइमस्टोन माइंस भिलाई इस्पात संयंत्र में माइन्स एनवायरमेंट एंड मिनरल कंजर्वेशन वीक मनाया गया। इस वर्ष आयोजन के मुख्य विषय उत्तरदायी खनन था, जिसके अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण, वैज्ञानिक खनन, संसाधनों के संतुलित उपयोग परजोर दिया गया। खनन क्षेत्र में पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण तकनीक, हरित पहल, धूल-नियंत्रण उपाय तथा सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करने से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम शामिल थे। विशेषज्ञों ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण केवल उद्योग की नहीं, बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रतियोगिताओं में कर्मचारियों, इंजीनियरों और स्थानीय समुदाय की भागीदारी रही। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाटक, पर्यावरण-आधारित पोस्टर, निबंध, मॉडल प्रदर्शनी आदि ने प्रतिभागियों की जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी प्रदर्शित किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली इकाइयों तथा प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। निरीक्षण दल ने नंदिनी लाइमस्टोन माइंस द्वारा अपनाए जा रहे सतत और वैज्ञानिक खनन प्रयासों को आदर्श बताया।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## आईजी दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग ने ली समीक्षा बैठक

# महिला अपराधों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ दिसंबर तक लंबित मामलों में अधिकतम प्रगति का लक्ष्य

दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने आईटीएसएसओ पोर्टल से जुड़े मामलों की प्रगति की रेंज स्तरीय समीक्षा की। बैठक में महिला संबंधी अपराधों की त्वरित जांच और समय पर चालान पेश करने पर खास जोर दिया गया।

आई जी रामगोपाल गर्ग ने ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में किसी तरह की देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि अदालत में चालान निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रस्तुत किए जाएं और सभी लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता देकर निपटाया जाए। लक्ष्य दिसंबर माह तक लंबित मामलों में अधिकतम प्रगति सुनिश्चित करना है।



बैठक में आईटीएसएसओ पोर्टल की प्रक्रिया, केस ट्रैकिंग, और बेहतर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद्मश्री तंवर, डीएसपी दुर्ग शिल्पा साहू, डीएसपी बेमेतरा कौशल्या साहू, उपनिरीक्षक राजकुमार प्रधान, एएसआई सीता गोस्वामी और पुलिस पीआरओ प्रशांत शुक्ला सहित अधिकारी मौजूद थे।

## जुनवानी क्षेत्र में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन, लोगों ने कराया चेकअप, मिली दवाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सर्व समाज कल्याण समिति एवं बीरा सिंह मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पिटल, भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में वार्ड-1, जुनवानी भिलाई में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लाभ लिया। इस अवसर पर सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं बीरा सिंह मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पिटल, भिलाई के डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह 'छोटू' ने स्वयं उपस्थित होकर लोगों का कुशलक्षेम जाना तथा किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी सहायता के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 26 नवंबर 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

04

दिखना चाहती हैं छरहरी, वॉर्डरोब में शामिल करें इन्हें

## लाइव इवेंट

### पीएससी चयनित अभ्यर्थियों का एसएसपी ने किया सम्मान



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग की चयन सूची में सफलता पाने वाले दुर्ग जिले के अभ्यर्थियों को एसएसपी विजय अग्रवाल ने सम्मानित किया। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित इस कार्यक्रम में चयनित उम्मीदवारों को पुष्पगुच्छ और दुर्ग पुलिस का मोमेंटो दिया गया। गौरतलब हो कि पीएससी में दुर्ग जिले ने इस बार शानदार प्रदर्शन किया है। देवेश साहू ने पहली रैंक हासिल की, स्वप्निल वर्मा दूसरी रैंक पर रहे और यशवंत देवांगन को तीसरा स्थान मिला। तीनों का चयन डिप्टी कलेक्टर के पद पर हुआ है। इसके अलावा राजेश साहू डीएसपी, कनक प्रभा सिंह सहायक संचालक समाज कल्याण विभाग, खुशबू जानी लेखा अधिकारी, भूपेंद्र जंघेल वाणिज्य कर निरीक्षक, और प्रवीण, मिथिलेश नेताम, आनंद स्वर्णकार आबकारी उप निरीक्षक पद पर चयनित हुए हैं। एसएसपी विजय अग्रवाल ने अभ्यर्थियों से बातचीत करते हुए अपने अनुभव साझा किए और फील्ड में काम करने के लिए जरूरी सुझाव दिए।

- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने फील्ड में सफल होने दिए टिप्स

उन्होंने कहा कि लोकसेवा आयोग से चयनित होना बड़ी जिम्मेदारी है और जनसेवा को प्राथमिकता देना ही असली लक्ष्य होना चाहिए। कार्यक्रम में एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर, एएसपी ग्रामीण अभिषेक झा, एएसपी पद्मश्री तंवर, एसडीओपी पाटन अनूप लकड़ा, एसडीओपी धमधा अलेक्जेंडर किरो, डीएसपी आकर्षि कश्यप, रक्षित निरीक्षक नीलकंठ वर्मा और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

### रैंकिंग टेबल टेनिस आयु वर्ग 60 में संजय और दिव्या रहे विजेता



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की छत्तीसगढ़ वेटरन्स टेबल टेनिस समिति द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल रायपुर में द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सचिव प्रदीप जोशी ने बताया कि पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर जादवानी ने की। मंच पर छत्तीसगढ़ वेटरन टेबल टेनिस समिति के चेयरमेन प्रदीप जनवदे एवं आयोजन सचिव प्रदीप जोशी थे। मंच संचालन छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सह सचिव विमल नायर ने किया। प्रतियोगिता में पहली बार आयु वर्ग 50 में विनय बैसवाड़े, आयु वर्ग 60 में संजय लहेजा एवं आयु वर्ग 70 में सुरजीत सेनगुप्ता पुरुष एकल विजेता बने। महिला एकल आयु वर्ग 40 में दिव्या आमदे, 60 वर्ष में प्रमिला ठाकुर विजेता रहीं। मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय अंपायर अभिनव शर्मा एवं सहायक मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय अंपायर प्रवीण निरापुरे, राष्ट्रीय अंपायर पुलकित यदु थे।



## भिलाई विद्यालय में बीएसपी ने मनाया 77वां एनसीसी दिवस समारोह

# एनसीसी का उद्देश्य स्टूडेंट्स में दृढ़ संकल्प, समर्पण, अनुशासन, धैर्य और कड़ी मेहनत का भाव जगाना, ताकि व्यक्तित्व का हो विकास

**भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा भिलाई विद्यालय सेक्टर–2 में 77वां केंद्रीयकृत एनसीसी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में भिलाई विद्यालय सेक्टर–2 के आर्मी विंग के 100 कैडेट तथा सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर–10 के एयर विंग के 50 कैडेटों ने भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (शिक्षा) शिखा दुबे रहीं। विशेष रूप से प्राचार्य सुमिता सरकार, रूबी बर्मन रॉय, उर्वशी साहू, कार्यपालकगण सविता तिवारी, अशोक सिंह, मनीष तिवारी, एसके नागले, राजेश गुप्ता, एवं के. संगीता उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण के उपरांत परेड का निरीक्षण किया। कैडेट्स को एनसीसी दिवस की शपथ दिलाई। शिखा दुबे ने कहा कि एनसीसी छात्र–छात्राओं में दृढ़ संकल्प, समर्पण, अनुशासन, धैर्य और कड़ी मेहनत की भावना विकसित करता है, जो उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण है।**

### आपदा के समय प्राथमिक उपचार का किया प्रदर्शन

रजनी रजक एवं डॉ. सुधीर सिंह के निर्देशन में छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। भिलाई विद्यालय के प्राचार्य विजय सिंह पवार ने स्वागत भाषण एवं एनसीसी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें वर्षभर की गतिविधियों एवं उपलब्धियों का उल्लेख किया गया। वहीं एनसीसी थर्ड ऑफिसर गोवर्धन साहू ने एनसीसी दिवस पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा डीजी एनसीसी लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स के संदेश का वाचन किया। छात्राओं दीक्षा, किरण, योगिता, सुमन एवं अंजलि ने प्राथमिक उपचार का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत यास्मिन एवं अर्पिता के निर्देशन में समूह नृत्य तथा विशाखा पांडेय, मनीषा और भावना के मार्गदर्शन में एरोबिक ड्रिल प्रस्तुत किया।





### कैडेट्स से किए गए सम्मानित, बेस्ट कैडेट इशिता चुनी गईं

समारोह में उत्कृष्ट एनसीसी प्रदर्शन हेतु अनेक कैडेटों को सम्मानित किया गया। बेस्ट कैडेट का पुरस्कार सेक्टर-10 की इशिता गुप्ता और भिलाई विद्यालय की आर्या पांडेय को प्रदान किया गया। आर्मी विंग से प्लाटून कमांडर रूपेश नाग, ओम सिंह, सुमन मिश्रा और रितिका सहानी को उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया, वहीं एयर विंग से प्रियंशी यादव एवं पलक महादेवन को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। पायलटिंग में उत्कृष्टता के लिए भिलाई विद्यालय की दिव्या उपाध्याय और योगिता साहू को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बेस्ट कमांडर श्रेणी में चंदन यादव एवं दीक्षा सिन्हा को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीमा फिलिप एवं सुनीता अनिल ने किया।

## वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर विश्वविद्यालय स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम



**दुर्ग।** वन्दे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर विश्वविद्यालय स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीआईटी कॉलेज, के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ मां ज्ञानदायानी सरस्वती के तैल चित्र माल्यारोपण कर विधिवत पूजा अर्चना किया और राजकीय गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया छात्र छात्राओं ने स्वागत गीत की अनुपम प्रस्तुति प्रदान किया। विभिन्न कॉलेजों के छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की अनुपम प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान छात्र–छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रभक्ति, कला और सृजनशीलता का प्रेरणादायक प्रदर्शन किया।

विभिन्न प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह के साथ पुरस्कृत किया गया। उन्होंने कहा वन्दे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ का यह गौरवशाली अवसर हमारे आत्मगौरव, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय पुनर्जागरण का अद्वितीय क्षण है। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह अमर मंत्र भारत के स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा बनकर उभरा। स्वदेशी आंदोलन से लेकर भारत छोड़ो आंदोलन तक, हर निर्णायक मोड़ पर इस उद्घोष ने असंख्य क्रांतिकारियों के भीतर त्याग, एकता और राष्ट्रधर्म की ज्वाला प्रज्वलित की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं, शिक्षकगण एवं विभिन्न विभागों के गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे और अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा में वृद्धि की।

## स्वास्थ्य शिविर में 30 ने किया रक्तदान 50 से ज्यादा लोगों ने कराया परीक्षण



**भिलाई।** जीवनदान सेवा संस्था, मोशन फाउंडेशन एवं संयुक्ता सतत निरंतर सेवा के संयुक्त तत्वावधान में रुआबांधा रिसाली में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस सेवा कार्यक्रम में कुल 30 यूनिट रक्तदान सुनिश्चित हुए।

इसके अतिरिक्त 52 लोगों ने ब्लड जांच कराई तथा 178 लोगों ने अपना संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण कराया, जिनमें आवश्यकता अनुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर आंखों की जांच, स्त्री रोग परामर्श, दांतों की जांच, ईएनटी (कान, नाक, गला) उपचार किया गया। शिविर में शंकराचार्य हॉस्पिटल जुनवानी, बिलासा ब्लड बैंक, भिलाई तथा प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य डॉ. गणेश पांडे जी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर रहे, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर समाज के जरुरतमंद व सामान्य नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, जिससे सैकड़ों लाभान्वित हुए।

- जीवनदान सेवा संस्था और मोशन का आयोजन

## संविधान दिवस 2025-अमृत सरोवर स्थलों पर आज होंगे विशेष कार्यक्रम

**दुर्ग।** भारत की संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को भारत के संविधान को अपनाया था। इस ऐतिहासिक अवसर को स्मरण करते हुए प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप इस वर्ष भी जिले के सभी अमृत सरोवर स्थलों पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में युवाओं, स्कूल एवं कॉलेजों के छात्रों, मनरेगा श्रमिकों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं तथा आजीविका दीदियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के माध्यम से अब तक कुल 123 अमृत सरोवर विकसित किए जा चुके हैं, जिनमें जनपद पंचायत धमधा में 50, जनपद पंचायत दुर्ग में 36, जनपद पंचायत पाटन में 37 सरोवर शामिल हैं। ये अमृत सरोवर जल संरक्षण के साथ-साथ वृक्षारोपण, सिंचाई, कृषि आधारित सब्जी उत्पादन और मत्स्य पालन जैसी आजीविका गतिविधियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। अमृत सरोवर स्थलों में संविधान दिवस पर आयोजित होने वाली प्रमुख गतिविधियों में संविधान की प्रस्तावना का हिंदी, अंग्रेजी में सामूहिक वाचन, संविधान में निहित मौलिक कर्तव्यों, अधिकारों एवं मूल्यों पर चर्चा, जल एवं सरोवर संरक्षण के लिए सामूहिक प्रतिज्ञा, विद्यार्थियों और युवाओं द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

## सेक्टर-9 हॉस्पिटल में जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य पर कार्यशाला का आयोजन

# प्रेग्नेंट वुमन का केयर करना सबसे जरूरी, क्योंकि पेट में पल रहा नया जीवन, खानापान और नियमित जांच भी आवश्यक

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए पूरी देखभाल विषय पर पर केंद्रित सम्पूर्ण केयर फ़ॉर प्रेग्नेंट वुमेन आरसीएच वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप का उद्देश्य मातृ स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाना तथा सुरक्षित मातृत्व से जुड़ी वैज्ञानिक जानकारियों को चिकित्सा व नर्सिंग समुदाय तक पहुंचाना था। कार्यक्रम में जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारियों के साथ-साथ पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, अपोलो कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों सहित लगभग 90 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया।



### क्वालिटी केयर फॉर प्रेग्नेंट वुमेन की बताई कार्ययोजना

आरसीएच प्रभारी डॉ. नीना गुहा ने फोगसी- यूनिसेफ के पायलट प्रोजेक्ट क्वालिटी केयर फॉर प्रेग्नेंट वूमेन की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने प्रीकॉन्सेप्शनल केयर, योजनाबद्ध गर्भधारण, पेरिनेटल मानसिक स्वास्थ्य एवं एंटीनेटल कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स के सुरक्षित एवं उचित उपयोग जैसे विषयों पर समुदाय में जागरुकता बढ़ाने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विभाग को निरंतर सहयोग प्रदान करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारियों का आभार भी व्यक्त किया। गर्भावस्था के पूर्व चरण से लेकर प्रसव तक की संपूर्ण प्रक्रिया से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। संचालन डॉ. सुमन कुमार, डॉ. निशा ठाकुर, डॉ. प्रभदीप कौर, डॉ. हिमानी गुप्ता एवं डॉ. स्वाति शुक्ला द्वारा किया गया। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। डॉ. द्विवेदी ने मां एवं शिशु की संपूर्ण स्वास्थ्य सुरक्षा को एक स्वस्थ समाज की बुनियाद बताया। वहीं डॉ. उदय कुमार ने वैज्ञानिक जानकारी के प्रसार तथा सामुदायिक स्वास्थ्य जागरुकता बढ़ाने के महत्व पर बल दिया और वर्कशॉप की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।

### गर्भावस्था में प्रोटीन और मिनरल्स से भरपूर भोजन आवश्यक

न्यूट्रिशनिस्ट डॉ. पिल्लई ने गर्भावस्था के दौरान आवश्यक पोषण संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी दी, जबकि डॉ. माला एवं डॉ. सीमा ने नवजात शिशु की देखभाल एवं स्तनपान के महत्व पर उपयोगी जानकारी साझा की। कार्यक्रम का संचालन एवं मोडरेशन डॉ. हिमानी गुप्ता द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. निशा ठाकुर ने प्रस्तुत किया। वर्कशॉप के सफल आयोजन ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी तथा ज्ञान-संपन्न बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



## सिटी इवेंट

### भालचंद्र शेगेकर को भिलाई संगीत बिरादरी ने दी विदाई



**भिलाई।** तबला वादक भालचंद्र शेगेकर को भिलाई इस्पात संयंत्र से सेवानिवृत होने पर भिलाई नगर के समस्त कलाकारों ने एक सम्मान समारोह का आयोजन किया।

- भिलाई के कलाकारों ने सम्मारोह का किया आयोजन

इस आयोजन में भिलाई के समस्त कलाकारों एवं भालचंद्र के शुभचिंतकों ने अपनी अपनी शुभकामनाएं देकर उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर वरिष्ठ संगीत गुरु शिओलीकर, अलका देशपांडे, वरदा जोशी, डॉ इक़बाल, डॉ. वकोड़कर, डॉ. वकोड़कर, उद्घोषक दीपक खरे, साहित्यकार मयंक चतुर्वेदी, प्रभंजय चतुर्वेदी, पीटी उल्लास कुमार, दीपेन हल्दार, दुष्यंत हरमुख, दीपांकर दास, सपना अवस्थी, महुवा चटर्जी, मिलिंद राजे, संदीप बोकिलवार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुप्रियो सेन ने किया।

## धर्म लाइव

### फॉर्मासिस्ट सप्ताह के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन



**भिलाई।** शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में एसएसआईपीएसआर द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. हेमंत बड़वाइक ने जानकारी देते हुए बताया कि फार्मासिस्ट सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें हैं।

- फार्मासिस्ट सप्ताह के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम

जिसके अंतर्गत रक्तदान शिविर रेडक्रास सोसाइटी के सहयोग से किया जा रहा है। बड़ी संख्या में विधार्थियों ने शिविर में हिस्सा लिया। शिविर का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आईपी मिश्रा ने किया। उन्होंने रक्तदान को जीवन की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताया और कहा कि इससे बड़ा दान कोई नहीं है। कुलपति डॉ. एके झा ने भी विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। बड़ी संख्या में प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## समाज इवेंट

### श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह आज से आयोजन

**भिलाई।** रामनगर मुक्तिधाम के पास स्थित प्रगति स्पोर्ट्स क्लब में 26 नवंबर से 4 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह की शुरुआत हो रही है। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक होगी।



कथावाचक पं. ओम प्रकाश शर्मा रणजीतपुर जिला कवर्धा कथा प्रस्तुत करेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि पूरे कार्यक्रम में भक्ति, ज्ञान और जीवन मूल्यों पर आधारित प्रसंगों का वाचन होगा। नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। आयोजन के पहले दिन कलश यात्रा और देव आह्वान का कार्यक्रम रखा गया है। इसके बाद अलग-अलग दिनों में संतों की कथाएं, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत कथा, अजयलाल प्रसंग, वामन अवतार, महर्षि दधिचि, समुद्र मंथन, रुक्मणि विवाह जैसे प्रसंगों का वाचन होगा। अंतिम दिन तुलसी विवाह, धाम, सहज ध्यान और महाप्रसाद का आयोजन होगा।

- रामनगर मुक्तिधाम के पास प्रगति स्पोर्ट्स क्लब में 4 दिसंबर तक होगी आयोजित

26 नवंबर को कलश यात्रा, देव आह्वान गोकर्ण कथा, 27 नवंबर को कथा आरंभ, परीक्षित जन्म वराह अवतार, 28 नवंबर को सतीदेह त्याग, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत कथा, 29 नवंबर को अजामिल प्रसंग, वृत्तासुर उत्पात, प्रहलाद चरित्र, 30 नवंबर को समुद्र मंथन, वामन अवतार, रामजन्म, कृष्ण अवतार, 1 दिसंबर को गोकुल, वृंदावन लीला, गोवर्धन धारण, महारास, रूखमणि विवाह, 2 दिसंबर को अन्य विवाह, भौमासुर कथा, सुदामा चरित्र, 3 दिसंबर को 24 गुरुओं की कथा, भागवत धर्म, परीक्षित मोक्ष, चढ़ोत्री व 4 दिसंबर को गीता उपाख्यान, तुलसी वर्षा, हवन, सहस्त्रधारा, कपिला तर्पन, महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। आयोजक मंडल ने सभी भक्तों, श्रद्धालुओं और नगरवासियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

---

**● महाराष्ट्रीयन मित्र मंडल का ग्यारहवां स्थापना दिवस कार्यक्रम पटरी पार में आयोजित**

# महिलाओं की अनूठी पहल, सदस्यों के परिवार में किसी की मृत्यु तो करेंगे 5 हजार की आर्थिक सहायता

दुर्ग। महाराष्ट्रीयन मित्र मंडल का ग्यारहवां स्थापना दिवस कार्यक्रम शिव मंदिर प्रोफेसर कॉलोनी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मैत्री कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुरेखा विनोद पाटिल थीं। ग्यारहवें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर मंडल की मातृ शक्ति एवं बच्चों के द्वारा सुबह 9 बजे से रंगोली, ड्राइंग, प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। सलाद डेकोरेशन, वाद विवाद आदि अनेक प्रतियोगिता रखी गई, जिनमें बच्चों एवं महिलाओं ने बहुत उत्साह और उमंगों के साथ आयोजन को चार चांद लगाया। कार्यक्रम को तीन चरणों में आयोजित किया गया। प्रथम चरण में रंगोली, ड्राइंग, सलाद, वाद-विवाद प्रतियोगिता रखी गई। इसके साथ साथ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन डॉ. जयश्री वाकणकर के नेतृत्व में महाराष्ट्रीयन मित्र मंडल के तत्वाधान में किया गया। सभी सदस्यों को बिजली की बचत के लिए सौरभ कोरान्ने द्वारा कार्यक्रम में सूर्य से बिजली बनाने की सोलर ऊर्जा की विस्तृत जानकारी दी गई।



### सदस्य के घर में किसी की भी मृत्यु पर 5 हजार की आर्थिक सहायता का निर्णय

मुख्य अतिथि डॉ. सुरेखा पाटिल का शमी का नीलिमा हरदास ने पेड़ देकर स्वागत किया। प्रफुल मंगल गिरी को चेतन कोलते ने शमी का पेड़ देकर स्वागत किया। स्वागत भाषण श्रीमती कीर्ति टाटीबंधवाले ने दिया। पिछले 11 वर्षों की गतिविधियों पर अध्यक्ष सुबोध देशपांडे ने प्रकाश डाला। इसमें बताया गया कि मंडल द्वारा सदस्यों के परिवार में दुःख की घड़ी पर 25 से 40 लोगों की भोजन व्यवस्था और सदस्यों के यहां परिवार में किसी की भी मृत्यु होने पर 5000 रुपये की आर्थिक मदद की जाएगी। घरेलु चिकित्सकीय व्यवस्था में जैसे फ़ोलर बैड, व्हीलचेयर, यूरिन पोट, वाकर, आदि की व्यवस्था है मंडल में सुख दुःख में एक दूसरे को मदद की जाएगी।

### महिला सशक्तिकरण, संस्कृति और संस्कारों को सहेजने निर्णय

प्रफुल मंगल गिरी ने सदस्यों को समन्वय और संपर्क, संवाद, साधना ,पर अपने विचारों से ओतप्रोत किया। डॉ. सुरेखा पाटिल ने मंडल के महिला सशक्तिकरण,एवं संस्कृति और संस्कारों, आज वैज्ञानिक युग में महिलाओ की सहभागिता प्रत्येक क्षेत्र में, घर, समाज, कार्यालय, राजनीति, सामाजिक गतिविधि, साइंस आदि अनेक विषयों पर उत्कृष्ट प्रेरणादायक संबोधन दिया। मुख्य अतिथि का सम्मान स्वाति किन्हेकर एवं शुभा भाकरे ने किया। वरिष्ठ सदस्यता सम्मान प्रफुल मंगल गिरी का मंडल के सचिव अंकुश वासेकर एवं शरद भाकरे ने किया। कार्यक्रम का संचालन संगीता इन्दुरकर ने किया।

### प्रतिभावान सम्मानित

इस अवसर पर प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। दसवीं एवं बारहवीं के मेधावी बच्चों सार्थक देशपांडे, आदित्री देशमुख, अथर्व गोखले को सम्मानित किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम मेघा मोहरिल, द्वितीय शिल्पा देशपांडे, तृतीय सोनाली कोलते को दिया गया। ड्राइंग में सभी बच्चों को उनकी कला और मेहनत के लिये पुरस्कृत किया गया। संस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य जिज्ञासा कुपटकर, अन्वेकर, मोहरिल के द्वारा प्रस्तुत किया गया। गाने के कार्यक्रम में शेखर गोखले, दिनेश बुलबुले, स्वाति किन्हेकर, नीलिमा हरदास, वंदना गोखले, अथर्व, अरुण , शिल्पा देशपांडे, संजय वाकणकर ने प्रस्तुत किया। सोनाली कोलते के नेतृत्व में एक शानदार हंसी एवं ठहाकों से भरपूर नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मंडल के सदस्य, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित थे।

---

**बिरसा मुंडा की जयंती पर आयोजन**

# शोध संगोष्ठी में बैगा लोक अनुष्ठानिक पर्व मोहती तिहार की दी गई प्रस्तुति

**भिलाई।** जनजाति गौरव बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर केंद्रित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर राजस्थान के हिंदी विभाग द्वारा किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ से जनजाति शोधार्थी राम कुमार वर्मा ने भारतीय ज्ञान परंपरा में प्रकृति पर आधारित कबीरधाम जिले के सुदूरवर्ती वनांचलों में निवास करने वाले बैगा जनजाति के लोक अनुष्ठानिक पर्व मोहती तिहार एवं रस नवाखाई तिहार की प्रस्तुति देश भर के शोधार्थियों के मध्य प्रस्तुत की।



अपने बीस वर्षों के सतत प्रयासों से बैगा जनजाति के वरिष्ठ जनों से प्राप्त जानकारी व नवंबर 2023 में मनाए गए मोहती का प्रत्यक्ष अवलोकन कर तैयार किए गए शोध पत्र को प्रस्तुत कर बताया कि मोहती तिहार प्रत्येक 8 वर्ष के अंतराल बाद अर्थात 8 क्वांर मास बीतने के बाद नवमें कार्तिक मास में जब वनांचलों में 'मोहती' नामक वनस्पति में भटे के रंग के बैंगनी फूल खिलते हैं। तब बैगा जनजाति के लोग मोहती त्यौहार का आयोजन एक दिन निश्चित करके करते हैं। भले ही यह त्यौहार अलग-अलग गांवों में अलग-अलग दिन मनाया जाता है। जिसमें उनके द्वारा नदी या झरने के किनाने समतल भूमि पर 'आठ खंड नवद्वीप के प्रति के रुप में मोहती बेड़ा बनाकर मोहती और अन्हेणा नामक पौधे की शाखाएं भूमि में घोंसा जाता है।

उसे समस्त धरती, पृथ्वी पर उगे पेड़- पौधे, पशु-पक्षियों, वनस्पति आदि के संरक्षण स्वरुप पूजा-अर्चना कर कुंवारी कन्याओं द्वारा कुट-छर कर तैयार किए बेवर कुटकी को बांस की नली में आग से पकाया जाता है। पकाने के पूर्व अनाज को बहतें पानी में धोकर, उसी दिन निकाले गए 'मधुरस' को मिलाकर चेरवा नामक भोग प्रसादी बनाते हैं। इसे वरिष्ठ बैगाजनों द्वारा वन देवी देवताओं को अर्पित कर सुरक्षा, धन-संपदा, वंश वृद्धि की कामना के साथ लोक अनुष्ठानिक पर्व को सामूहिक रुप से संपन्न करते हैं।

**प्रजेंटेशन के माध्यम से जनजाति को किया गया प्रदर्शित :** इस लोक आनुष्ठानिक पर्व की जानकारी 20 रंगीन स्लाइड द्वारा जनजाति शोधार्थी राम कुमार वर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रुप में दुर्गा दास उइके केंद्रीय जनजाति राज्य मंत्री भारत सरकार, कुलगुरु प्रो. बीपी सारस्वत, विशिष्ट अतिथि बाबूलाल खराड़ी मंत्री जनजाति क्षेत्र विकास विभाग, विशिष्ट अतिथि डॉ.मन्नालाल रावत सांसद उदयपुर, प्रो. मधुकर पावड़ी, मुख्य वक्ता प्रो. जयंती भाई चौधरी संगोष्ठी के संयोजक डॉ. नवीन नंदवाना एवं सहयोगी डॉ. पियाशी दत्ता, डॉ.नीतू परिहार, डॉ. आशीष सिसोदिया, डॉ. अनीता त्रिवेदी सहित अन्य मौजूद थे।

---

**गरीब परिवारों को दिया जा रहा कंबल**

# जरुरतमंदों के लिए उपयोग किए गए कपड़े किए जा रहे एकत्रित



**भिलाई।** प्रदेश में बढ़ती शीतलहर के बीच अनेक गरीब और वंचित परिवार गर्म कपड़ों के अभाव में कठिन परिस्थितियों से जूझ रहे हैं। ऐसी स्थिति में स्थानीय नागरिकों के सहयोग से जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने हेतु जन सेवा कार्यक्रम सेवा अभियान - गर्माहट बांटें आरंभ किया गया है। इस मानवीय प्रयास में नम्रता, प्रदीप यादव, ओजस्वी सक्सेना, रानू ठाकुर, प्रीति साहू, अनीता भारद्वाज और आरती श्रीवास्तव सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य समाज से उपयोग योग्य शॉल, स्वेटर, कंबल, जैकेट आदि गर्म कपड़ों का संग्रह कर उन्हें वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुँचाना है।

**सेवा कार्यक्रम अभियान गर्माहट बांट शुरू**

यह सेवा कार्य आर्य समाज के नेतृत्व में संचालित है और इसकी प्रेरणा आचार्य डॉ. अजय आर्य द्वारा प्रदान की गई है। अभियान की समन्वयक हेमा सक्सेना संग्रह और वितरण की संपूर्ण व्यवस्था का संचालन कर रही हैं। समाज के नागरिकों से विनम्र आग्रह है कि वे आगे आकर इस मानवतावादी पहल में अपना सहयोग प्रदान करें और ठंड से जूझ रहे परिवारों को राहत पहुंचाने में सहभागी बनें। हेमा सक्सेना और डॉ. अजय आर्य ने बताया कि संस्थाओं, अनाथालयों में हमने नए कंबल खरीद कर भिजवाए गए। बहुत से लोग कार्यक्रमों से जुड़ना चाहते हैं कुछ लोगों के पास समय नहीं होता कुछ लोगों के पास सहयोग के सीमित साधन होते हैं। संग्रह स्थल गणपति विहार, फाइव बिल्डिंग, आर्य समाज सेक्टर-6 निर्धारित किए गए हैं।

---

**कार्यक्रम के बाद मुनिश्री पदविहार कर चरोदा की ओर हुए रवाना**

# आचार्य विद्या सागर के चरण चिन्ह दिगंबर जैन मंदिर वैशाली नगर में स्थापित, हुई मांगलिक क्रियाएं

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** महावीर दिगंबर जैन मंदिर वैशाली नगर में मुनिश्री धर्म सागर, भाव सागर के सानिध्य में

आचार्य विद्यासागर का 55 वां आचार्य पद आरोहण स्मृति महोत्सव मनाया गया। इस दौरान मांगलिक क्रियाएं संपन्न हुईं। भगवान का महामस्तकाभिषेक किया गया। मुनिश्री के मुखारविंद से शांति धारा हुआ। आचार्य विद्यासागर और समय सागर के छायाचित्र पर भक्तों ने दीप प्रदान किया। मुनि धर्म सागर के पद प्रक्षालन का सौभाग्य प्रदीप, प्रमोद, अरुण, अक्षत, सुनीता, आशा, दीक्षा बाकलीवाल, सुयश ने प्राप्त किया। भव सागर के पास प्रसारण किशोर जैन के परिजनों ने किया। मुनि श्री के पास जिनवाणी शास्त्र ज्ञान महिला मंडल एवं समाज के भक्तों ने किया। निर्वाण जैन और ममता जैन सहित अन्य महिलाओं ने मंगलाचरण किया।



### मुनि विद्यासागर के चरण चिन्ह स्थापित

दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष कजोड़ जैन ने संचालन किया। महामंत्री अरविंद जैन, धन कुमार जैन, शिखर चंद जैन, निर्मल जैन, हरीश जैन, राजेश जैन, संजय जैन, किशोर जैन, अजीत जैन, डॉ. जिनेंद्र जैन सहित अन्य उपस्थित थे। अहिंसा प्रचारक प्रदीप बाकलीवाल ने वैशाली नगर जैन मंदिर ने धर्म सभा का संचालन किया। जयपुर से बनकर आए आचार्य विद्यासागर के चरण चिन्ह स्थापित किए गए। इसके बाद मुनि श्री का पदविहार वैशाली नगर से चरोदा श्वेतांबर जैन मंदिर हुआ।



### आचार्य श्री ने बालिकाओं को दिए शिक्षा और संस्कार

इस अवसर पर धर्म सभा मुनि श्री भावसागर ने कहा कि आचार्य विद्यासागर के चरण चिह्न स्थापित होना प्रसन्नता का विषय है। यह छत्तीसगढ़ का प्रथम स्थान है, जहां पर चरण चिह्न स्थापित करवाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। आचार्य श्री ने प्रतिभास्थली के माध्यम से बालिकाओं को शिक्षा और संस्कार दिए। मुनि श्री भाव सागर ने कहा कि आचार्य द्वारा रचित मूकमाटी पढ़कर विदेशी लोगों ने मांसाहार का त्याग किया था। उनके आशीर्वाद से कई लोगों के रोग दूर हो गए। वे श्मशान में भी ध्यान लगाते थे। उन्होंने 135 गौशालाओं के माध्यम से गायों की रक्षा की।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ की संजू के बेहतरीन प्रदर्शन से भारत ने जीता कबड्डी विश्वकप



**रायपुर।** बांगलदेश के ढाका में 17 से 24 नवम्बर तक आयोजित द्वितीय महिला कबड्डी विश्व कप में भारतीय महिला कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में चाइनीज ताइपे को हराकर इतिहास रच दिया। सोमवार 24 नवंबर को खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में भारत ने चाइनीज ताइपे को 35-28 से पराजित कर लगातार दूसरे विश्व कप में विजेता बनने का गौरव हासिल किया है। छत्तीसगढ़ की संजू देवी प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रही। छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष के इतिहास में यह प्रथम अवसर रहा जब राज्य के किसी भी कबड्डी खिलाड़ी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व किया। मार्च 2025 में ही संजू देवी ने ईरान में आयोजित 6वीं महिला एशियन कबड्डी चैम्पियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया और कबड्डी वल्डकप के लिए क्वालीफाई किया था। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बिलासपुर में संचालित बालिका आवासीय कबड्डी अकादमी की संजू देवी ने वर्ल्डकप के पहले मैच से ही अपने मंसूबे बता दिए कि न सिर्फ वह कबड्डी वल्डकप हासिल करेंगी बल्कि इस पूरे टूर्नामेंट में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करेंगी, इसी का नतीजा रहा कि, उन्हें इस पूरे टूर्नामेंट में उनके द्वारा किये गये शानदार प्रदर्शन के लिए "प्लेयर आफ द टूर्नामेंट" चुना गया।

### राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन स्पर्धा में बीएसपी गर्ल्स टीम बनी उपविजेता



**भिलाई।** 25 वीं छत्तीसगढ़ जूनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन बलौदा बाजार जिला संघ के संयुक्त तत्वावधान में पलारी में 21 से 23 नवंबर तक किया गया। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र के बालिका टीम उप विजेता रही एवं बालक टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भिलाई इस्पात संयंत्र बॉल बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष रज्जी उन्नी, डीएम ब्लास्ट फर्नेस, सचिव, टीवीएस रेड्डी, संघ के कार्यकारी अध्यक्ष इसरार अहमद खान, महासचिव वाय। राजा राव, कोषाध्यक्ष, श्यामल बनर्जी, आदि ने शुभकामनाएं दी है।

### अंतर महाविद्यालयीन बॉक्सिंग में यूटीडी का शानदार प्रदर्शन



**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वाधान में शासकीय जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के द्वारा अंतर महाविद्यालयीन बॉक्सिंग प्रतियोगिता 24 नवंबर को आयोजित की गई। जिसमे यूटीडी पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की महिला एवं पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निम्न भार वर्ग में 54-57 किग्रा में सुष्मिता नायक ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा पुरुष वर्ग में 50-55 किग्रा में सनत कुमार ने स्वर्ण पदक, 60-65 किग्रा में लीलेंद्र साहू ने स्वर्ण पदक तथा 75-80 किग्रा में कुश चंद्राकर ने रजत प्रदक प्राप्त किया। टीम प्रबंधक के रूप में अनुपम कुमार सिंह तथा टीम कोच के रूप में उपासना विश्वकर्मा ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कुलपति प्रो सच्चिदानंद शुक्ल, शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष प्रो राजीव चौधरी, प्रो रीता वेणुगोपाल एवं प्रो सी डी आगाशे ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए शुभकामनाये दी।

### शालेय शतरंज़ टीम नेशनल चैंपियनशिप में हिस्सा लेने अगरतला रवाना



**रायपुर।** 69 वी राष्ट्रीय शालेय शतरंज़ 17 वर्ष बालक बालिका चैंपियनशिप का आयोजन नेताजी सुभाष रीजनल कोचिंग सेंटर , अगरतला , त्रिपुरा में 27 से 30 नवम्बर तक किया गया है। छत्तीसगढ़ दल का राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल मुंगेली में 21 से 23 नवम्बर तक आयोजित था। छत्तीसगढ़ राज्य टीम में बालक 17 वर्ष में दिव्य कुमार साहू, भुवनेश्वर सिंह ठाकुर, सोहम विश्वास, अमन सिंह, गगन साहू. बालिका 17 वर्ष में इशिका साहू, विनिता कैवर्त, दीपाली राजपूत, फरहीन खान, मिताली राजपूत है। छत्तीसगढ़ दल के प्रबंधक एवं प्रशिक्षक सुबोध कुमार सिंह एवं बालिका मैनेजर सीमा है। टीम के रवाना होने पर छत्तीसगढ़ लोक शिक्षण संचालनय के सहायक संचालक क्रीड़ा संजय शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी एल.पी डाहीरे , सहायक क्रीड़ा अधिकारी विजय वर्मा, वरिष्ठ खेल अधिकारी संजय पॉल ने शुभकामनाएं दी हैं।

## बढ़ती उम्र के साथ हड्डियों की सेहत पर ध्यान देना जरूरी

# हड्डियों हो रही कमजोर या कट-कट की आती है आवाज तो हो जाएं सावधान, घरेलू उपाय देंगे राहत

हड्डियों में दर्द और जोड़ों से कट-कट की आवाज आने पर कैल्शियम और प्रोटीन फूड का सेवन करना चाहिए। इसके लिए नाश्ते में और दोपहर की डाइट में कुछ ऐसे फल और सब्जियों का सेवन करता चाहिए जो हड्डियों की परेशानी को कम करते हैं। आइए जानते हैं हड्डियों के दर्द को करने के घरेलू उपायों के बारे में।

जब इंसान की हड्डियां कमजोर होने लगती हैं, तो जोड़ों से कट-कट की आवाज आने लगती है। हड्डियों की बीमारी कई तरह की होती है। कट-कट की आवाज अगर जोड़ों से आती है, तो इसे ऑस्टियोपीनिया का लक्षण माना जाता है। हड्डियों में दर्द के साथ उठने बैठने पर कट-कट की आवाज ऑस्टियोपीनिया का मुख्य लक्षण है।

इसके अलावा हड्डियों की कई अन्य बीमारियां हैं, जो शरीर में कैल्शियम और विटामिन डी की कमी की वजह से होती हैं। गठिया, ऑस्टियोपोरोसिस जैसी गंभीर समस्या भी खान-पान और एक्सरसाइज में ठीक से ध्यान न देनी की वजह से हो सकती हैं। हड्डियों की बीमारी से बचने और दर्द से राहत देने वाले घरेलू उपाय अपनाए जा हड्डियों के दर्द और जोड़ों से



कट-कट की आवाज के घरेलू उपाय

कमजोर होती हड्डियों को पोषण देने के लिए कैल्शियम फूड का सेवन करना चाहिए। ज्यादातर लोगों को दूध का सेवन करने से पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम मिल जाता है। अगर आप रोजाना एक ग्लास दूध पीते हैं, तो आपके शरीर के लिए जरूरी कैल्शियम आसानी से मिल जाता है।

दूध के अलावा हड्डियों में दर्द और कट-कट की आवाज को कम करने के लिए पनीर का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। जोड़ों में दर्द की परेशानी है तो कच्चे पनीर का सेवन करना चाहिए। कच्चे पनीर के सेवन से दर्द की समस्या दूर होती है। हड्डियों में दर्द और कमजोरी को दूर करने के लिए हेल्दी डाइट लेनी चाहिए। हड्डियों के लिए हेल्दी डाइट में दो ड्राई फ्रूट को शामिल करना चाहिए। रोजाना की डाइट में आप कम से कम 5 से 8 बादाम और 4 अखरोट का सेवन कर सकते हैं। बादाम में कैल्शियम की मात्रा होती है वहीं अखरोट से ओमेगा 3 फैटी एसिड मिलता है।

शरीर में कैल्शियम की कमी की वजह से हड्डियों की परेशानी होती है। ऐसे में कैल्शियम के लिए डेली डाइट में संतरे का सेवन भी फायदेमंद होता है। संतरे के जूस या अन्य खट्टे फलों के सेवन शरीर में कैल्शियम की कमी नहीं होती है। हड्डियों के पोषण के लिए साबूत अनाज का सेवन फायदेमंद होता है। भूना हुआ चना भी हड्डियों को मजबूत करने का काम



करता है। चने में पाये जाने वाले पोषक तत्व हड्डियों की बीमारी से बचाने वाले होते हैं।

### हड्डियों से कट-कट की आवाज आना या उनका कमजोर होना

कई कारणों से हो सकता है, जैसे पोषण की कमी, कार्टिलेज का घिसना, या चोट। यदि यह दर्द या सूजन के साथ हो तो यह गंभीर हो सकता है। हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए कैल्शियम और विटामिन डी से भरपूर



आहार लें, नियमित व्यायाम करें, और यदि लक्षण बने रहें तो डॉक्टर से सलाह लें।

**कारण:** पोषक तत्वों की कमीः कैल्शियम और विटामिन डी की कमी से हड्डियां और जोड़ कमजोर हो सकते हैं, जिससे आवाज़ आती है। कार्टिलेज का घिसनाः घुटने जैसे जोड़ों में कार्टिलेज के घिसने से भी आवाज़ आ सकती है। चोट या चोट के बाद की स्थितिः ठीक से ठीक न होने वाले फ्रैक्चर से भी हड्डी कमजोर हो सकती है और दर्द हो सकता है। अन्य कारणः गठिया, अत्यधिक वजन और उम्र से संबंधित समस्याएं भी इसका कारण बन सकती हैं।

**क्या करें:** कैल्शियम और विटामिन डी युक्त आहार लेंः अपनी डाइट में दूध, दही और हरी पत्तेदार सब्जियां शामिल करें। नियमित व्यायाम करेंः नियमित शारीरिक गतिविधियां हड्डियों को मजबूत बनाए रखने में मदद करती हैं। सप्लीमेंट्सः डॉक्टर की सलाह पर कैल्शियम, मैग्नीशियम और विटामिन डी सप्लीमेंट्स ले सकते हैं।

## टेटे में वरिष्ठ खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की छत्तीसगढ़ वेटरन्स टेबल टेनिस समिति द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल, रायपुर में द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2025 संपन्न हुयी। उक्त प्रतियोगिता के सम्बन्ध में प्रतियोगिता के आयोजन सचिव प्रदीप जोशी ने जानकारी दी की प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के

■ द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन

मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला थे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर जादवानी ने की। मंच पर छत्तीसगढ़ वेटरन टेबल टेनिस समिति के चेयरमेन प्रदीप जनवदे एवं आयोजन सचिव प्रदीप जोशी थे। मंच संचालन छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सह सचिव विमल नायर ने किया। प्रतियोगिता में पहली बार आयु वर्ग 50 में विनय बैसवाड़े (रायपुर), आयु वर्ग 60 में संजय लहेजा (बिलासपुर) एवं आयु वर्ग 70 में सुरजीत सेनगुप्ता (बिलासपुर) पुरुष एकल विजेता बने। प्रतियोगिता के परिणाम के




अंतर्गत पुरुष एकल (आयु वर्ग 40) में विजेता-ए संतोष (दुर्ग), उपविजेता-रजनीश ओबेराय (दुर्ग) 2-0, तृतीय-मंदार कुलकर्णी (रायपुर), पुरुष एकल (आयु वर्ग 50) में विजेता -विनय बैसवाड़े (रायपुर), उपविजेता-राज शेखर शर्मा (रायपुर महानगर), 2-0, तृतीय-राजेश अग्रवाल (रायपुर), पुरुष एकल (आयु वर्ग 60) में विजेता संजय लहेजा (बिलासपुर), उपविजेता-गिरिराज बागड़ी (रायपुर) 2-1 तृतीय योगेश प्रधान (रायपुर),पुरुष एकल (आयु वर्ग 65) में विजेता-पीएन मजुमदार (कोरिया), उपविजेता-के रविशंकर (बिलासपुर) 2-1, तृतीय-हरीश पांडे (रायपुर), पुरुष एकल (आयु वर्ग 70) में विजेता-सुरजीत सेनगुप्ता (बिलासपुर), उपविजेता- प्रदीप जनवदे (रायपुर) 2-0, तृतीय- केबी सिंह (रायपुर), पुरुष एकल (आयु वर्ग 75) में विजेता डॉ भरत अग्रवाल (खैरागढ़), उपविजेता- एबी पुरंग (दुर्ग) 2-0,तृतीय अरुण पटेल (धमतरी) महिला एकल (आयु वर्ग 40) में विजेता- दिव्या आमदे (रायपुर महानगर), उपविजेता-डा स्वाति बांठिया (रायपुर) 2-0, तृतीय- प्रमिला देवांगन (रायपुर महानगर), महिला एकल (आयु वर्ग 60) में विजेता प्रमिला ठाकुर (रायपुर महानगर), उपविजेता-रेणुका सुब्बा (रायपुर) 2-1 और तृतीय ईरा पंत (रायपुर) रहे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय अंपायर अभिनव शर्मा एवं सहायक मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय अंपायर प्रवीण निरापुरे, राष्ट्रीय अंपायर पुलकित यदु थे।



## जिला सीनियर भारोत्तोलन टीम की चयन प्रतियोगिता 29 को

**रायपुर।** रायपुर जिला सीनियर पुरुष/महिला भारोत्तोलन टीम की चयन प्रतियोगिता 29 नवंबर को प्रोफ़ेसर जे एन पांडे शासकीय उच्चतर विद्यालय, नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम के सामने आयोजित है। जिसमें सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे तक खिलाड़ियों का शरीर का वजन लिया जाएगा एवं सुबह 11:30 बजे प्रतियोगिता प्रारंभ कर दी जाएगी। रायपुर जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव रुस्तम सारंग ने बताया कि आगामी राज्य स्तरीय सीनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 में भाग लेने रायपुर जिला भारोत्तोलन संघ द्वारा रायपुर जिला की टीम का गठन करने यह चयन प्रतियोगिता आयोजित की गई है। चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को आईडब्ल्यूएलएफ द्वारा जारी नेशनल आई डी कार्ड एवं आधार कार्ड की मूल प्रति एवं स्वःहताक्षरित छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा। खिलाड़ी की आयु 15 वर्ष से अधिक होना चाहिए तथा अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन संघ के द्वारा निर्धारित वजन वर्ग 8 महिला एवं 8 पुरुष वर्ग में चयन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। रायपुर जिला के खिलाड़ी यदि इस चयन प्रतियोगिता में भाग नहीं लेते है तो उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी एवं किसी अन्य जिला/यूनिट से खेलने हेतु एनओसी नहीं दी जाएगी। अधिक जानकारी हेतु गुढ़ियारी में स्थित जय सतनाम व्यायाम शाला में दीपक धीवर प्रचार सचिव एवं अजय दीप सारंग से संपर्क कर सकते है।

## अंडर-19 में छत्तीसगढ़ आगे विकल्प के नाबाद 53 रन

**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा मेंस अंडर-19 कूच बेहार ट्रॉफी 2025 का आयोजन 16 नवंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा चार दिवसीय मैच (23-26 नवंबर) सहारनपुर, उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश अंडर-19 टीम के विरुद्ध खेला गया। तीसरे दिन उत्तर प्रदेश अंडर 19 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 77 ओवरों में 10 विकेट खोकर केवल 180 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से वेदांश खेड़िया ने शानदार 82 नाबाद रन बनाये, उनके अतिरिक्त फैज खान ने 28 रन तथा शिवम यादव ने 21 रन बनायें। उत्तर प्रदेश टीम की ओर से अयान अकरम ने 4 विकेट एवं आदित्य कुमार सिंह ने 3 विकेट हासिल किए। उत्तर प्रदेश ने अपनी पहली पारी में 117.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 370 रन बनाए। उत्तर प्रदेश की ओर से कार्तिकेय ने 88 रन, भव्य गोयल ने 87 रन तथा अनमोल ने 73 रन बनाये। वही छत्तीसगढ़ की ओर से फैज खान ने 3 विकेट, विधान जैन तथा धनंजय नायक ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने अपनी दूसरी पारी में 71 ओवरों में 5 विकेट खोकर 214 रन बना लिये हैं। छत्तीसगढ़ की ओर से विकल्प तिवारी ने नाबाद 53 रन तथा बालाजी राव ने 38 रन बनायें वहीं उत्तर प्रदेश की ओर से रवि सैनी ने 3 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन के मैच की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ 24 रनों से आगे है।



### अंडर-14 एलिट ग्रुप के सेमीफाइनल मुकाबले शुरू



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित अंडर-14 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच मंगलवार से शुरू हुआ। पहले दिन बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन ने प्लेट कंबाइंड के विरुद्ध टॉस जीता और पहले क्षेत्र रक्षण करने का फैसला किया। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड टीम पहली पारी में 338 रन पर आउट हो गई। आयुष्मान रे ने 54 रन बनाएं। विकेटकीपर अमिताभ सिंह ने 51 रन, सिद्धांत शुक्ला ने 47 रन, अनंत ठाकुर ने 40 रन और स्वास्तिक केसरी ने 35 रन बनाए। गेंदबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के आर्य प्रताप सिंह और आर्यन मेहता ने तीन-तीन विकेट लिए। भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन अपनी बल्लेबाजी कल प्रारंभ करेगी।

राजनांदगांव में टीम रायपुर ने रायपुर ब्लू के विरुद्ध टॉस जीता एवं पहले क्षेत्र रक्षण करने का फैसला किया। बल्लेबाजी में रायपुर ब्लू पहली पारी 99 रन पर आउट हुई। जिसमें दर्श तुलसियान ने नॉट आउट 25 रन और आरव राज सिन्हा ने 20 रन बनाए। गेंदबाजी में रायपुर के अथर्व सिंह ने चार विकेट, हर्ष साहू ने तीन विकेट और समर्थ चांडक ने दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में रायपुर ने पहली पारी में 6 विकेट पर 220 रन और कप्तान अनमोल राज सिंह ने 68 रन बनाए। युवराज सिंह ने 54 एवं अथर्व सिंह ने 49 रन बनाए। गेंदबाजी में रायपुर ब्लू के अतुल्य डड़सेना ने पांच एवं शौर्य जायसवाल ने एक विकेट लिए।

### महक के हरफनमौला प्रदर्शन से छत्तीसगढ़ ने बिहार को 8 रन से हराया

**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा वुमेंस अंडर 23 टी 20 क्रिकेट टुर्नामेंट में छत्तीसगढ़ की टीम का पहला मैच 24 नवंबर को चंडीगढ में बिहार टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 122 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से कृति गुप्ता ने 55 तथा रुमा दास ने 29 रन बनाये। साथ ही महक नरवसे ने 14 रनों का योगदान दिया। बिहार टीम की ओर से आर्या ने 2 विकेट लिए। 123 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिहार की टीम 20 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 114 रन ही बना सकी। बिहार की ओर से निक्की कुमारी ने 45 रन तथा हर्षिता ने 26 रनों का योगदान दियां।छत्तीसगढ़ की ओर से महक नरवसे तथा श्रेया श्रिवास ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने मैच 8 रनों से जीत लिया।



## कार्नर न्यूज

## अपनी आदतों को बदल हो सकते हैं सहज

# रिश्ते में प्यार और जुड़ाव बनाए रखना चाहते हैं तो छोड़नी होंगी कुछ आदतें

अगर आप अपने रिश्ते में प्यार और जुड़ाव बनाए रखना चाहते हैं तो खुद की ऐसी पांच आदतों को बदल लें जो किसी भी रिश्ते के लिए जहर होती हैं। रिश्तों को जितना संभालकर रखेंगे, उतना ही उनमें प्यार, जुड़ाव और मजबूती आएगी। जरा सी लापरवाही रिश्ते को खराब कर सकती है और भावनाओं को असर ला सकती है। आज के दौर में लोग अपने रिश्ते और पार्टनर को लेकर बड़ी-बड़ी उम्मीदें करते हैं लेकिन धैर्य बहुत कम रखते हैं। कई बार वह खुद ऐसी गलतियां कर जाते हैं जो रिश्ते को अंदर से खोखला कर देती हैं।

उन्हें पता भी नहीं चलता, लेकिन उनकी कुछ आदते पार्टनर को उनसे दूर कर देती हैं। हालांकि रिश्ता गलतियों से नहीं, रोज-रोज की कुछ जहरीली आदतों से टूटता है। अगर आप अपने रिश्ते में प्यार और जुड़ाव बनाए रखना चाहते हैं तो खुद की ऐसी पांच आदतों को बदल लें जो किसी भी रिश्ते के लिए जहर होती हैं। आइए उन 5 आदतों को समझते हैं जो प्यार को धीरे-धीरे खत्म कर देती हैं और अगर चाहें तो इन्हें समय रहते बदला भी जा सकता है।



### जरूरत से ज्यादा कंट्रोल करना

प्यार और रिश्ते पर बुरा असर तब पड़ता है जब वह रिश्ता या प्यार घुटन में तब्दील हो जाता है। ऐसा तब होता है जब लोग अपने पार्टनर को जरूरत से ज्यादा कंट्रोल करते हैं। कई लोग प्यार को सुरक्षा समझते हैं पर निभाते मालिकाना हक की तरह हैं। किससे बात की? कहां जा रही हो? क्यों देर हुई? ये सवाल चिंता नहीं, कंट्रोल की शुरुआत होते हैं। लगातार निगरानी पार्टनर को कैद जैसा महसूस कराती है। धीरे-धीरे रिश्ते में भरोसा खत्म होता है और नजदीकियां दूरियों में बदल जाती हैं।

### संवाद का टूटना

किसी भी रिश्ते में चुप्पी भी एक जहर है। रिश्ता बातचीत पर चलता है पर जब शिकायतें मन में जमा होने लगती हैं, तो चुप्पी झगड़े से भी ज्यादा खतरनाक बन जाती है। भावनाएं न कहना, गुस्सा दबाकर रखना, गलतफहमी बढ़ाना ये सब रिश्ते को भीतर ही भीतर खत्म करने लगते हैं। जब लोग एक-दूसरे से बात करना छोड़ देते हैं, तो प्यार अपनी सांसें खो देता है।

### समय न देना

आज के रिश्तों की सबसे बड़ी समस्या यही है कि टाइम नहीं है। काम, सोशल मीडिया, दोस्तों और फोन की दुनिया में पार्टनर के लिए समय कम पड़ जाता है। लेकिन जो रिश्ता समय से नहीं सींचा जाता, वह सूख जाता है। लोग कहते हैं हम तो एक ही घर में रहते हैं, कल बात करते हैं, फ्री होकर बात करता हूं।

लेकिन सच्चाई यह है कि इस तरह की बातें रिश्ते में बहाने की तरह होती है। जब आपके पास अपने पार्टनर को देने के लिए वक्त नहीं होता, तो उन्हें महसूस होने लगता है कि आपको उनकी और इस रिश्ते की कद्र नहीं करते।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ट्रोल्स के निशाने पर सिंगर जेनिफर, उदयपुर की परफॉर्म के बाद यूजर्स बोले शर्मनाक

उदयपुर में हुई एक रॉयल वेडिंग काफी चर्चा में है। एक अरबपति की बेटी की शादी में जहां कई नामी बॉलीवुड सेलेब्स ने परफॉर्म किया, वहीं हॉलीवुड सिंगर जेनिफर लोपेज ने भी अपनी परफॉर्मेंस से समां बांध दिया। लेकिन सोशल मीडिया पर अब जेनिफर ट्रोल हो रही हैं। आखिर डांस परफॉर्मेंस के दौरान ऐसा क्या था, तो यूजर्स को खटक गया।



हॉलीवुड सिंगर जेनिफर लोपेज ने अपने हिट गानों पर उदयपुर की शादी में परफॉर्म किया। वह स्टेज पर गाना गा रही थीं और डांस भी कर रही थीं। शादी में मौजूद लोग उनकी परफॉर्मेंस को पसंद कर रहे थे। लेकिन सोशल मीडिया पर अलग ही स्थिति देखने को मिलीं। वह इस डांस परफॉर्मेंस के बाद काफी ट्रोल हुईं। जेनिफर लोपेज ने शादी में जब परफॉर्मेंस दी तो उन्होंने ऐसे आउटफिट पहने तो जो काफी बोल्ड थे। यही बात सोशल मीडिया यूजर्स को पसंद नहीं आई। कई यूजर्स ने कहा कि वह जेनिफर के फैन है लेकिन इंडिया में उन्हें डिसेंट आउटफिट पहनना चाहिए था। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'शर्मनाक।' एक अन्य यूजर्स ने लिखा, 'शादी के लिए सही आउटफिट नहीं है।' इसी तरह के कमेंट यूजर्स ने जेनिफर के आउटफिट को लेकर किए। उदयपुर में यूएस बेस्ड अरबपति की बेटी की शादी में हॉलीवुड सिंगर जेनिफर लोपेज ने ही परफॉर्म नहीं किया। इस शादी में रणवीर सिंह, कीर्ति सेनन के अलावा कई सेलेब्स ने परफॉर्मेंस दी। नोरा फतेही और माधुरी दीक्षित का डांस भी काफी चर्चा में रहा।

### टॉलीवुड

## रहमान के कॉन्सर्ट में पहुंचे धनुष, धमाकेदार एंट्री देख उत्साहित हुए फैंस

साउथ सुपरस्टार धनुष इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' की वजह से चर्चा में हैं, जो बहुत जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। अभिनेता ने संगीतकार एआर रहमान के पुणे कॉन्सर्ट में जैसी ही एंट्री की, दर्शकों में गजब का उत्साह देखा गया। ये वीडियो इंटरनेट पर अब तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल हो रहे एक वीडियो में देखा जा सकता है कि अभिनेता धनुष की एआर रहमान के कॉन्सर्ट में स्पेशल एंट्री हुई। एक्टर लिफ्ट से अचानक स्टेज पर आते हैं। उन्हें देखते ही हजारों संख्या में मौजूद दर्शकों ने खूब हूटिंग की। उनके फैंस का उत्साह देखने लायक था। इसके बाद एक्टर ने हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन स्वीकार किया। फिर उन्होंने गायक-संगीतकार एआर रहमान से मुलाकात की। कुछ और वीडियो सामने आए हैं, जिसमें अभिनेता माइक लिए कुछ कहते दिख रहे हैं। इन वीडियोज के वायरल होते ही नेटिजंस की तमाम प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। सभी यूजर्स अभिनेता पर अपना प्यार बरसा रहे हैं। सभी लाल दिल वाला इमोजी और फायर इमोजी बनाकर कमेंट कर रहे हैं।



एक्टर धनुष की आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' है, जो एक म्यूजिकल फिल्म है। इसका निर्देशन आनंद एल राय कर रहे हैं। इसे हिमांशु शर्मा और नीरज यादव ने लिखा है। इसके गानों को इरशाद कामिल ने लिखा है। साथ ही म्यूजिक देने का काम एआर रहमान ने किया है। इसमें धनुष और कृति सेनन के अलावा प्रभु देवा और सुशील दहिया भी हैं। फिल्म के निर्माता आनंद एल राय, हिमांशु शर्मा, भूषण कुमार, और कृष्ण कुमार हैं। यह फिल्म 28 नवंबर को रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## 'मैं कौन हूं' में प्यार के लिए घर से भागीं काजल , पति शादी के बाद सब भूला

भोजपुरी स्टार्स की फिल्मों के आने का फैंस इंतजार करते हैं। ऐसी ही एक एक्ट्रेस काजल राघवानी की धमाकेदार भोजपुरी फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'मैं कौन हूं' एक तेज-तर्रार भोजपुरी एक्शन–ड्रामा के साथ आध्यात्मिक जागरण की कहानी है।



भोजपुरी स्टार्स की फिल्में आते ही धूम मच जाती है। कई सितारे ऐसे हैं जिनकी फिल्मों के आने का फैंस इंतजार करते हैं। अब ऐसी ही एक एक्ट्रेस काजल राघवानी की धमाकेदार भोजपुरी फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसका नाम है 'मैं कौन हूं'। ट्रेलर को देखकर फैंस जोरदार तरीके से कमेंट कर रहे हैं। ट्रेलर को दो दिन में ही 53 हजार के पार व्यूज मिल चुके हैं। 'मैं कौन हूं' एक तेज-तर्रार भोजपुरी एक्शन–ड्रामा के साथ आध्यात्मिक जागरण की कहानी है। इस फिल्म में रोमांच, सस्पेंस और गहरी भावनाओं के साथ एक ऐसी यात्रा दिखाई गई है, जिसमें एक्टर सिर्फ दुनिया के अन्याय से ही नहीं, बल्कि अपनी आत्मा और अपनी वास्तविक पहचान से भी मुकाबला करता है। कहानी एक ऐसे आदमी की है जो पहले प्यार में डूबा रहता है, लेकिन जिंदगी की विश्वासघात, षड्यंत्र और दर्द उसे भगवान महाकाल की शरण में ले आते हैं। जब विलन उसे मिटाने की कोशिश करते हैं, तभी उसके भीतर दबी आध्यात्मिक शक्तियां जगती हैं — वही शक्तियां जो उसे 'मैं कौन हूं?' का जवाब देती हैं। काजल राघवानी, आनंद चतुर्वेदी , संजय पांडेय और देव सिंह की दमदार अदाकारी इस एक्शन भरी कहानी को और भी दमदार बनाती है। निर्देशक मृत्युंजय श्रीवास्तव ने एक्शन, भावना और आध्यात्मिक ऊर्जा को बड़े पर्दे पर गजब तरीके से उतारा है। ट्रेलर में संगीत, सिनेमैटोग्राफी और हर चीज की खूबसूरत झलक देखने को मिलती है।

### फॉल रेड



लाइफ स्टाइल

फॉल 2025 ट्रेंड की बात करें तो रेड कुछ ज्यादा ही हावी है। हालांकि कई डिज़ाइनरों ने रनवे पर गहरे न्यूट्रल रंग दिखाए, लेकिन ब्राइट चेरी रेड निश्चित रूप से इस समय का कलर बनकर उभरा है। टोरी बर्च, सर्जियो हडसन और मार्केरियन जैसे लोगों के साथ, यह खुशनुमा रंग सबसे फीके विंटर वॉर्डरोब में भी तुरंत नई जान डाल देता है।

## कोरियन स्टाइल स्किन केयर कर सकते हैं आप भी, आसान टिप्स ये रहे

कोरियन स्किन केयर आजकल सेल्फ केयर में सबसे कॉमन वर्ड बन चुका है। लेकिन अक्सर कोरियन स्किन केयर को महिलाओं से जोड़कर देखा जाता है। पर अब नहीं।पुरुष भी कोरियन स्किन केयर को अच्छे से इस्तेमाल कर सकते हैं और स्किन को बेहतर भी कर सकते हैं। ये काम कठिन बिलकुल नहीं है।लेकिन हां, ये उन पुरुषों के लिए ही है जो सच में स्किन केयर पर समय देते हैं। ये उनके लिए बिल्कुल नहीं है जो सिर्फ अच्छे कपड़े पहनकर और डियो छिड़क कर चल देते हैं।

कोरियन स्किन का त्वचा पर असर जल्दी दिखता है लेकिन इसको इस्तेमाल करने में समय भी देना पड़ता है। कोरियन मानते हैं कि आप अपना भविष्य अपने चेहरे में देख सकते हैं। इसलिए वो अपने चेहरे पर खूब ध्यान देते हैं। इसमें हायड्रेशन, पोषण और सुरक्षा सबकुछ शामिल होता है। ये लम्बी प्रकिया होती है लेकिन एक बार लाइफस्टाइल में शामिल हो जाने के बाद इसको आजमाना दिक्कत नहीं देता है।

कोरियन स्किन केयर का ये पहला स्टेप है। इसमें ऑयल बेस्ड क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है जो स्किन से प्रदूषण और गंदगी को निकाल देता है। इससे स्किन को तेल का पोषण भी मिलता है जो अंदर तक स्किन को रिलैक्स भी कर देता है। इससे सुबह या रात को सोने से पहले मसाज करें। ऑयल बेस्ड क्लींजिंग के बाद कोरियन स्किन केयर में डबल क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है। इसके लिए वॉटर बेस्ड क्लींजर ही इस्तेमाल करें। दरअसल माना जाता है वॉटर बेस्ड क्लींजर,



पानी से जुड़ी अशुध्दता को कम करते हैं। इसको सुबह या रात में सर्कुलर मोशन में लगाएं। कोरियन स्किन केयर में एक्सफोलिएटर के तौर पर अखरोट, चावल या नमक का इस्तेमाल किया जाता है लेकिन ये उनके लिए अच्छा है जिनकी स्किन ड्राई है। लेकिन इससे अलग बाकी लोगों को लेक्टिक एसिड, ग्लौकोलिक एसिड इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है। जिसके साथ अच्छे से डेड स्किन हट जाती है। डेड स्किन हटती है तो जरूरी पोषण तत्व अच्छे से असर कर पाते हैं। इसको हफ्ते में दो बार शाम को इस्तेमाल करें। ये कोरियन स्किन केयर का सबसे जरूरी हिस्सा है। एसेंस स्किन को गहरे में जाकर हायड्रेट कारते हैं। ये वॉटर बेस्ड लोशन होते हैं या फिर हलके जेल।

## दिखना चाहती हैं छरहरी वॉर्डरोब में शामिल करें इन्हें



फैशन में हैं एक्स-लाइन ड्रेसेस। फैशन के गलियारों में इतने ट्रेंड्स आपको देखने को मिल जाएंगे कि कुछ के तो आप नाम तक नहीं जानते होंगे। कई बार तो आपने जो आउटफिट पहना हुआ आपको उसी के बारे में सही से पता नहीं होता है। ऐसे में वेस्टर्न कल्चर से प्रभावित आउटफिट्स के बारे में जानना तो आपके लिए और भी ज्यादा मुश्किल हो जाता होगा। वेस्टर्न कल्चर से प्रभावित फैशन की एक खास बात होती है कि उसे बॉडी टाइप के अनुसार बनाया जाता है और आउटफिट का नाम भी उसी प्रकार से रख दिया जाता है। आपने ए-लाइन, वी नेकलाइन, काउल स्टाइल इन सभी के बारे में बहुत बार सुना होगा। मगर क्या आपको पता है कि आजकल फैशन में एक्स-लाइन ड्रेसेस भी खूब चल रही हैं।



अपने नाम की ही तरह इनका शेप भी एक्स एल्फाबेट की तरह ही होता है। आज हम आपको इस आर्टिकल में एक्स लाइन फैशन के बारे में ही बताएंगे।

### क्या होती हैं एक्स लाइन ड्रेसेस?

इन ड्रेसेस को देखने पर आपको अनुभव होगा कि यह एक्स एल्फाबेट से इंस्पायर्ड हैं और इनका शेप भी लगभग वैसा ही होता है। इसलिए आपको इसकी नेकलाइन अधिकतर क्रिस-क्रॉस स्टाइल में ही मिलेगी। कुछ में हॉल्टर नेकलाइन भी आपको दिख सकती हैं। वैसे तो यह दोनों ही नेकलाइन आपको इंडियन एथनिक आउटफिट्स में नजर आ जाएंगी, मगर एक्स-लाइन स्टाइल आपको वेस्टर्न ड्रेसेस में ही देखने को मिलेगा। इस तरह की ड्रेस फ्लेयर्ड होती हैं,मगर इनमें अम्ब्रेला कट घेर नहीं होता है। आपको एक्स-लाइन ड्रेसेस में स्ट्रैप ड्रेसे सबसे ज्यादा नजर आएंगी। यदि आपको नाइट पार्टी लुक चाहिए, तो इस तरह की ड्रेस आपके लिए बहुत अच्छा विक्लप हो सकती हैं।



## माइल्ड शैम्पू और इन्हें इस्तेमाल करने के फायदे

ऐसे बहुत से लोग हैं, जिन्हें माइल्ड शैम्पू के बारे में जानकारी ही नहीं होती है। ऐसे में वे किसी भी शैम्पू से हेयर वॉश करना शुरू कर देते हैं। जबकि माइल्ड शैम्पू बालों के नेचुरल ऑयल को बरकरार रखते हुए उसे क्लीन करते हैं।




जैसा कि इसके नाम से ही पता चलता है, माइल्ड शैम्पू बालों (बालों के लिए उपाय) पर अधिक जेंटल होते हैं। इन्हें बिना किसी हार्श केमिकल की मदद से तैयार किया जाता है। यह सल्फेट और पैराबेन फ्री होते हैं। माइल्ड शैम्पू बनाते समय नेचुरलर इंग्रीडिएंट का इस्तेमाल किया जाता है। माइल्ड शैम्पू का इस्तेमाल करने से उनके नेचुरल (नेचुरल डाइट)ऑयल पर नेगेटिव असर नहीं पड़ता है। जिसके कारण स्कैल्प की केयर करने में मदद मिलती है। अगर आपके बाल बहुत गंदे होते हैं और आप हर दिन हेयर वॉश करना चाहते हैं तो ऐसे में माइल्ड शैम्पू का इस्तेमाल करना अच्छा रहता है। इनमें हानिकारक केमिकल्स नहीं होते हैं, इसलिए वे बालों पर जेंटल होते हैं। संसेटिव स्कैल्प पर केमिकल युक्त शैम्पू जलन पैदा कर सकते हैं। लेकिन माइल्ड शैम्पू को नेचुरल इंग्रीडिएंट्स की मदद से तैयार किया जाता है, इसलिए वे जलन, खुजली या फिर रेडनेस की संभावना को कम करते हैं। जहां रेग्युलर शैम्पू बालों को रूखा बनाते हैं, वहीं माइल्ड शैम्पू बालों को क्लीन करने के साथ-साथ उन्हें कंडीशन करने में भी मदद करते हैं। कलर्ड हेयर के लिए भी माइल्ड शैम्पू अच्छे माने जाते हैं। वे बालों के कलर को लंबे समय तक ऐसे ही बनाए रखने में मदद करते हैं। माइल्ड शैम्पू को नेचुरल इंग्रीडिएंट्स की मदद से तैयार किया जाता है, जिसके कारण इनसे बालों को पोषण भी मिलता है।

## अपनाएंगी ये लिपस्टिक शेड्स, शादी-पार्टी में हर कोई करेगा तारीफ

शादियों का सीजन चल रहा है। ऐसे में किसी न किसी के घर-परिवार में शादियां तो हो रही हैं। बात जब महिलाओं की आती है तो उनको तैयार होने में पुरुषों के मुकाबले थोड़ा ज्यादा समय लगता है, क्योंकि वो मेकअप करती हैं। पर इसमें एक सबसे जरूरी चीज होती है जो उनकी खूबसूरती में चार चांद लगाती हैं और वो है लिपस्टिक। कई बार एक ही शेड्स का बार-बार इस्तेमाल करने की वजह से आपके लुक पर कोई खास ध्यान नहीं दे पाता। इसलिए इस बार शादी-पार्टी में आप कुछ खास लिपस्टिक शेड्स लगाकर जा सकती हैं।

**न्यूड शेड:** अगर आप चाहें, तो आप न्यूड शेड की लिपस्टिक भी लगा सकती हैं। दरअसल, ये शेड आपको सटस और सिंपल मेकअप लुक में और भी कमाल का लुक दे सकता है। इसकी सबसे खास बात ये है कि ये न्यूड शेड आपके होठों को कलर तो देती है, लेकिन ड्रमेटिक लुक नहीं देती है।

**प्लम शेड:** आप अगर शादी में हल्का मेकअप करके जा रही हैं, तो आप यहां पर प्लम शेड वाली लिपस्टिक लगा सकती हैं। ये शेड आपको सबसे अलग करने में मदद कर सकता है और आपके लुक को बिंदास बनाता है।



**पिंक शेड :** आमतौर पर महिलाएं अपनी ड्रेस के हिसाब से ही लिपस्टिक शेड चुनती हैं, लेकिन पिंक शेड ऐसा है कि आप किसी भी आउटफिट में इसे लगा सकती हैं। इस पिंक शेड से आपको एक कमाल का लुक मिलता है और आपकी हर कोई तारीफ कर सकता है।

**वाइन शेड:** आप अगर चाहती हैं कि शादी-पार्टी में लोग आपके लुक को देखकर आपकी तारीफ करते हुए न थके, तो फिर आप वाइन शेड की लिपस्टिक लगा सकती हैं। यकीन मानिए ये आपको बेहतरीन लुक दे सकता है।

### कार्नर न्यूज

### डेट पर जाने से पहले कुछ टिप्स को करें फॉलो

## पहली डेट पर खुद को ऐसे करें तैयार, वो होंगी जरूर इंप्रेस और बढ़ेगा प्यार


अगर आप डेटिंग पर जा रहे हैं तो इन ड्रेसिंग टिप्स को जरूर आजमाएं पहली डेट है और ड्रेसिंग को लेकर चिंता बनी हुई है तो 'डोंट वरी' क्योंकि पहली डेट के लिए ड्रेसिंग का सही तरीका हम आपको बताए देते हैं। इन टिप्स के साथ आपकी पहली डेट पर आप परफेक्ट दिखेंगे। उनको आपका लुक पसंद आएगा और वो आपसे इम्प्रेस भी जरूर होंगी। आपको बेहतरीन लुक्स और ड्रेसिंग के लिए क्या करना होगा, जान लेते हैं-

### ध्यान से चुनें कपड़े

आप ब्रांड को लेकर बहुत सोचते हैं तो डेट पर अपनी ये सोच पीछे छोड़ दीजिए। आप भले ही अच्छे ब्रांड के कपड़े न पहनें लेकिन वो कपड़े जरूर पहनें जो आप पर अच्छे से फिट होते हैं। सिर्फ ब्रांड दिखाने के लिए महंगे कपड़े पहनने से बचें। इस वक्त जिन कपड़ों में अक्सर आपको तारीफ सुनने को मिलती है, उन्हें ही पहनें.

### सही लगूंगा या नहीं

जिन कपड़ों को पहनकर लुक को लेकर जरा भी डाउट आए उन्हें आप छोड़ दीजिए, उन्हें न पहनना ही सही रहेगा। या ये कहें जो पहना है उसमें आत्मविश्वास महसूस हो, तब ही उसे कैरी करें.



### चमकदार कलर को कहें न

बहुत चमकदार रंग पहनने से बचें। ऐसे रंग पहनें जो एकदम से ध्यान न खींचें। चमकदार रंगों के साथ आपका इम्प्रेशन खराब पड़ सकता है। क्योंकि ऐसे रंग सब पर अच्छे नहीं लगते हैं। और ये सबको भी अच्छे नहीं लगते हैं। इसलिए ऐसे रंगों से बचें।

### ये तो बिल्कुल नहीं

ग्राफिक टी शर्ट आपका स्टाइल है। आप इसमें खुद के लुक को बेस्ट पाते हैं तो भी इन्हें डेट पर पहनने के बारे में सोचिएगा भी नहीं।

ग्राफिक टीशर्ट के साथ कार्गो शॉर्ट्स और सैंडल वगैरह भी बिल्कुल न पहनें। इस तरह के कपड़े और ड्रेसिंग से पहली डेट पर बचें।

ग्रूमिंग भी है जरूरी

आप कपड़ों को लेकर कितनी भी तैयारी कर लीजिए लेकिन अपनी ग्रूमिंग को बिल्कुल न भूलिए। सलीके से कटे बाल, ग्रूम्ड दाढ़ी और मूछे, इनका ध्यान जरूर रखें। दांतों की सफाई भी जरूरी है।

